राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 204
जौनपुर, रविवार
11 मई 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
38°C | 28°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

'किसी भी आतंकी हमले को युद्ध माना जाएगा'

पाक से तनाव के बीच मोदी सरकार का बड़ा फैसला

नई दिल्ली, 10 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान की ओर से लगातार मिसाइलें और ड्रोन दागी जा रही है। भारतीय सेना लगातार दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। बुधवार रात से ही पाकिस्तान लगातार ड्रोन हमले कर रहा है। इसी बीच भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा।

लगातार चल रही हाईलेवल मीटिंग: पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लगातार हाईलेवल मीटिंग चल रही है। शनिवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल बैठक बुलाई। 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस समेत तीनों सेनाओं के अध्यक्ष मौजूद थे।

सरकार के फैसले ने साफ कर दिया है कि भारत को अब पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे आतंकी हमले बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होंगे। यदि पाकिस्तान अब भी आतंकी हमलों से बाज नहीं आता है तो फिर भारत उसे युद्ध मानते हुए, उसी हिसाब से निपटेगा। 22 अप्रैल को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकी संगठन टीआरएफ ने पहलगाम में आतंकी हमले को अंजाम दिया था। इसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। आतंकियों ने भारतीय पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी थी, जिससे देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ काफी गुस्सा था।

ऑपरेशन सिंदूर से बौखला उठा पाकिस्तान: 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की जान ले ली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में मौजूद पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर बमबारी की। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। आतंकियों के मारे जाने के बाद पाकिस्तान की सेना बौखला उठी।

बुधवार शाम दुश्मन देश ने भारत पर ड्रोन से हमले की कोशिश की, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया इसके बाद गुरुवार रात पाकिस्तान की ओर से 400 से ड्रोन हमले किए गए। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी ड्रोन को धवस्त कर दिया। पाकिस्तान के इस हमले का भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया है।

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान

नई दिल्ली, 10 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार शाम 6 बजे बताया, 'सीजफायर शाम 5 बजे से लागू होगा। अब दोनों देश जमीन, आकाश और समुद्र में एक-दूसरे पर हमला नहीं करेंगे। देशों के DGMO 12 मई को दोपहर 12 बजे बातचीत करेंगे।' सीजफायर के लिए अमेरिका ने मध्यस्थता की। शनिवार शाम 5:30 बजे यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'रात यूएसए की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।'

भारत के हमले में लश्कर और जैश के टॉप-5 आतंकी मारे गए, मुदस्सर भी ढेर

इस्लामाबाद, 10 मई। पहलगाम हमले के बाद 7 मई 2025 को भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में की गई टारगेटेड सैन्य कार्रवाई में कई प्रमुख आतंकवादी मारे गए। इन आतंकियों का संबंध प्रतिबंधित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से था। सभी बड़े पांच आतंकियों की पहचान कर ली गई है। रक्षा मंत्रालय ने इसकी एक लिस्ट जारी की है।

मुदस्सर खडियान खास उर्फ अबू जिंदाल: लश्कर-ए-तैयबा का आंतकी मुदस्सर खाडियान खास मरकज तैबा, मुरिदके का प्रमुख था। पाकिस्तानी सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाक आर्मी चीफ और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई। नमाज-ए-जनाजा सरकारी स्कूल में हुई, जिसका नेतृत्व हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी भी मौजूद थे।

हाफिज मुहम्मद जमील: यह जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी थी। यह मौलाना मसूद अजहर का साला भी था। मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर का प्रभारी था। मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और फंडिंग में सक्रिय भूमिका निभाता था।

मोहम्मद यूसुफ अजहर: यह जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा आतंकी थी। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला था। यह जेएम के लिए हथियारों की ट्रेनिंग का प्रमुख प्रशिक्षक था। जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल। IC-814 विमान अपहरण मामले में वांटेड था।

खालिद उर्फ अबू आकशा: लश्कर-ए-तैयबा का यह आतंकी जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल है। अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में संलिप्त था। उसका अंतिम संस्कार फैसलाबाद में हुआ, जिसमें पाक सेना के वरिष्ठ अधिकारी और डिप्टी कमिश्नर उपस्थित थे।

मोहम्मद हसन खान: जैश-ए-मोहम्मद का यह आतंकी मोहम्मद हसन खान जेएम के पीओके ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

भारत ने पाकिस्तान के 6 मिलिट्री बेस को उड़ाया: कर्नल सोफिया

नई दिल्ली, 10 मई। ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ हमले की कोशिश की। इसका जवाब देते हुए भारतीय वायुसेना ने कल रात पाकिस्तान के कई शहरों में तबाही मचाई। पाकिस्तान के 6 मिलिट्री बेस को उड़ा दिया, जहां से पाकिस्तान भारत के खिलाफ ड्रोन और मिसाइल हमला कर रहा था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारतीय सुरक्षाबलों की कार्रवाई की हर जानकारी दी है। भारत के हमलों में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, 'पाकिस्तान द्वारा जानबूझकर हवाई ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान के तकनीकी प्रतिष्ठानों, कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रडार साइटों और हथियारों के भंडार को निशाना बनाया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को गोला-बारूद और लड़ाकू विमानों के जरिए निशाना बनाया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि पसरूर में रडार साइट और सियालकोट में विमानन बेस को भी सटीक गोला-बारूद से निशाना बनाया गया। इन कार्रवाइयों के दौरान भारत ने सार्वजनिक संपत्ति को कम नुकसान पहुंचाया।



एमडी ने किया अनपरा तापीय परियोजना का दौरा

अभियंता संघ ने नवागत एमडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत

तरूणमित्र न्यूज

अनपरा, सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के नवागत प्रबंध निदेशक डॉ रूपेश कुमार तथा निदेशक तकनीकी इं अश्विनी त्रिपाठी ने शनिवार को अनपरा तापीय परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर इकाइयों के परिचालन एवं अनुरक्षण का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अ ताप, द ताप विद्युत गृह के कंट्रोल रूम तथा इंटेक ऑफटेक चौनल का निरीक्षण भी किया फिर परियोजना के अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार, मुख्य अभियंता इं मधु मुखरैया, महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ, महाप्रबंधक इं विजय बहादुर, महाप्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुर्वेदी, सीएमओ डॉ एएन बरनवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं, सुरक्षा, चिकित्सा इत्यादि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया तथा गर्मी के मौसम में बढ़ते विद्युत की मांग के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। दामिनी अथितिगृह में अभियंता संघ तथा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने नवागत एमडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्रतिनिधियों ने उन्हें मांगपत्र देकर विगत मार्च 2023 में सांकेतिक हड़ताल के दौरान निलंबित कार्मिकों के विरुद्ध प्रचलित जांच को जल्द समाप्त कराने,वर्ष 2009 एवं बाद के सहायक अभियंताओं की सीनियरिटी लिस्ट जारी कराने, अधिशासी अभियंता तथा अन्य सभी संवर्ग के कार्मिकों के रिक्त पड़े पदों के विरुद्ध लंबित प्रमोशन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने,लंबित समयबद्ध वेतनमान का आदेश जारी करने,हॉस्पिटल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत विशेषज्ञ चिकित्सकों में सर्जन, येनेस्थेसिया, कॉर्डियोलॉजिस्ट, गायनो, फिजियोथेरेपिस्ट की भर्ती कराने तथा अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन को चालू कराने और प्रोत्साहन भत्ता के साथ सभी भत्तों को पुनरीक्षित करने इत्यादि मांगो पर विस्तृत चर्चा किया।

वार्ता मे मुख्य रूप से इं अदालत वर्मा, इं एसपी यादव,इं मनोज यादव, इं दिनेश शंकर द्विवेदी, इं राम दरश, इं दुष्यंत कुमार, विष्णु देव झा, प्रशांत उपाध्याय, अविनाश सिंह, श्रीकान्त, विशम्भर सिंह, विकास जायसवाल, अविनास सिंह, प्रशांत उपाध्याय, जितेन्द्र जायसवाल, राजीव यादव, राकेश वर्मा, सुरेश प्रजापति, सुजीत सोनी, शैलेंद्र सिंह समेत सभी संगठनों के प्रतिनिधि एवं दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

बालिका सशक्तिकरण अभियान बेसलाइन सर्वेक्षण का किया आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने अवगत कराया है की ओबरा 'ब' ताप विद्युत गृह पर 400/220 के0वी0 स्विचयार्ड के इन्टरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर (आईसीटी) में 08 मई 2025 को प्रातः 06:51 बजे हुई आग लगने के कारण परियोजना में व्यवधान उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई।

तत्क्रम में मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। आग लगने की हुई घटना के कारणों, क्षति के आंकलन एवं तापीय परियोजना के अन्दर महत्वपूर्ण संयंत्रों की संवेदनशीलता के दृष्टिगत पर्याप्त सुरक्षा प्रबन्ध किया जाना आवश्यक है, साथ ही परियोजना के बाहर अवैध रूप से रह रहे। आवासितों की भी विधिवत जाँच किया जाना आवश्यक है तथा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु तापीय परियोजना द्वारा क्या प्रबन्ध किये गये हैं इसकी भी जॉच किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया की ओबरा 'ब' ताप विद्युत गृह पर 400/220 के0वी0 स्विचयार्ड के इन्टरकनेक्टिंग ट्रांसफार्मर (आईसीटी) में हुई हुई उक्त अग्नि की दुर्घटना की जॉच हेतु जॉच कमेटी का गठन किया गया है। गठित जाँच कमेटी में उप जिलाधिकारी, ओबरा सोनभद्र को अध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक,

ओबरा-सोनभद्र सदस्य, मुख्य महाप्रबन्धक, ओबरा तापीय परियोजना, ओबरा को नामित अधिकारी सदस्य, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सोनभद्र सदस्य, कमान्टेन्ड, सी0आई0एस0एफ0, ओबरा यूनिट, ओबरा, सोनभद्र सदस्य नामित किया गया है। जाँच कमेटी हेतु नामित अधिकारीगण उपरिवर्णित हुई अग्नि घटना के बावत् स्थलीय निरीक्षण, अभिलेखीय परीक्षण व प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जॉच करते हुए अपनी टिप्पणी /संस्तुति सहित सुस्पष्ट जॉच आख्या जिलाधिकारी को अति शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

चांड़ी से घाघर नहर तक सम्पर्क मार्ग पक्का बनाये जाने की मांग

तरूणमित्र न्यूज

करमा,सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत भरकवाह मे राजस्व गांव चांड़ी से घाघर नहर तक निर्माणाधिन सम्पर्क मार्ग को पक्का बनाये जाने की मांग की गयी है, घोरावल राजवाहा पर बने रेलवे क्रासिंग बन्द होने के बाद उक्त सम्पर्ग मार्ग ही बाजार, बैंक, सहकारी गोदाम, स्कूल, अस्पताल, ब्लाक तहसील आदि पहुंचने का एक मात्र रास्ता बचा है, सम्पर्क मार्ग नही होने से ग्रामीणों को दस किलो मीटर दूरी का चक्कर लगाकर करमा बाजार तक पहुंचना पड़ता है, ग्राम पंचायत भरकवाह के प्रधान विकास सिंह ने बताया कि लगभग दस साल पूर्व करमा बाजार के समीप घोरावल राजवाहा पर बने रेलवे क्रासिंग को अकारण बन्द कर दिया गया, जिसका क्षेत्र के दर्जन भर गावों के लोगों द्वारा भरपुर विरोध किया गया क्योंकि रेलवे क्रासिंग बन्द होने से पचीस हजार की आबादी प्रभावित हुई है, रेलवे क्रासिंग बन्द होने के साथ ही पूर्व मे चांड़ी गांव के लिए बनाये गये सम्पर्क मार्ग का सिधे बाजार तक पहुंचने तकके लिए कोई खास मतलब नही रह गया। इसलिए दूसरे निर्माणाधिन सम्पर्क मार्ग की अधिक जरूरत पड़ने लगी है, गुलाब प्रसाद, शिव शंकर, ईशवरी प्रसाद, शिव प्रसाद ,अखिलेश सिंह धन्नू मौर्या राम केश, राम बिचार आदि गांव के लोगों का कहना है कि सम्पर्क मार्ग बन जाने से बारिश के दिनों मे स्कूल, बाजार, कोर्ट कचहरी जाने के लिए दस किलो मीटर दूरी का चक्कर नही लगाना पड़ेगा, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

बालिका सशक्तिकरण अभियान बेसलाइन सर्वेक्षण का किया आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। समुदाय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2025 के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का आयोजन किया, जो कि 18 मई से शुरू होने जा रहा है। इस मिशन में सिंगरौली जिले के 20 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाएं भाग लेंगी। तैयारी के क्रम में, 10 मई 2025 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में 45 प्रतिभागी बालिकाओं का बेसलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उनकी वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करना था ताकि प्रशिक्षण अधिक केंद्रित और प्रभावशाली हो सके।

कार्यक्रम में प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), निखिल जायसवाल, कार्यपालक(सीएसआर) तथा एम/एस हीरो माइंडमाइन इंस्टीट्यूट

प्राइवेट लिमिटेड, जो इस मिशन की कार्यान्वयन एजेंसी है, के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रतिभागी बालिकाओं और उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। यह पहल एनटीपीसी विन्ध्याचल के समग्र बालिका सशक्तिकरण एवं शिक्षा के प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाती है।

थाना समाधान दिवसः 6 में से एक प्रार्थना पत्र का हुआ निस्तारण

तरूणमित्र न्यूज

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस तहसीलदार दीक्षा पांडे व नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

फरियादियों की समस्या का निस्तारण करते तहसीलदार दीक्षा पांडे ने समाधान दिवस के अंत में टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की समस्या का निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर दो गवाहों को समक्ष फोटोग्राफी कराते हुए मामले का निस्तारण कर समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा।

होम डीजे पर गाना बदलने को लेकर हुई मारपीट, दो युवक घायल

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बेठिगांव गांव में बीती रात आयी बारात में होम डीजे पर गाना बदलने को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमें दो युवक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस ने मामले को शांत कराते हुये एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जुगैल थाना क्षेत्र के मदाइन गांव से राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बेठिगांव में शुक्रवार की रात बरात आयी थी।

द्वार पूजा के बाद पण्डाल में लगे होम डीजे पर युवक डांस कर रहे थे। सी दौरान कुछ ने डीजे आपरेटर को अपने पसंद का गाना बदलने के लिए कहा। इसमें हुई देरी के कारण दो पक्षों में कहासुनी हो गयी। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गयी। इस घटना में शादी बाराम में आये भोलू(19) पुत्र पतलू निवासी ग्राम कुसाही, थाना गढ़वा (महुअरिया), जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) व मनोज कनौजिया (40) पुत्र नन्दू कनौजिया निवासी अरौली, पुलिस चौकी चुर्क जिला सोनभद्र घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए एम्बेलेंस से दोनों घायलों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। हमलावर मौके से फारार हो गये। पुलिस मामले की जॉच में जुटी हुई है। इधर लोगों का कहना है कि बारात में अक्सर नशे के दौरान डीजे पर और आरकेस्ट्रा में डास करने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने से मांगलिक कार्यक्रम में अशांति फैल जाती है इस पर प्रबुद्धजनों को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

जंगल की झाड़ियांम लगी आग, इलाके में मची अफरा-तफरी

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। शनिवार को लालगंज वन क्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर-एक बहेरा जंगल की झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया गया।

देखते ही देखते आग ने झाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह जंगल फोरलेन सड़क के किनारे स्थित है और आग के पास ही लगभग 500 मीटर की दूरी पर तीन पेट्रोल टंकियां स्थित हैं। आग की दिशा और तीव्रता को देखते हुए वन विभाग एवं दमकल विभाग ने तुरंत संयुक्त प्रयास शुरू किए।आग बुझाने में वनकर्मी और दमकलकर्मी घंटों तक जुटे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर

लिया गया। जंगल क्षेत्र से सटे पेट्रोल टैंकों की निकटता को देखते हुए घटना को संवेदनशील मानते हुए कार्यवाही की गई। क्षेत्रीय वनाधिकारी के.के. सिंह ने बताया कि वन कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया है।

संदिग्धों पर पुलिस की पैनी नजर, संदिग्ध गतिविधि दिखें तो दें सूचना

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी, सोनभद्र। पहलगाम घटना के बाद पुरे भारत में एलर्ट जारी कर दिया गया हैं। पाकिस्तान के कायराना हरकत के बाद भारतीय सेना ने जबाव देना भी शुरू कर दिया हैं तो वहीं देश के अंदर भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही हैं। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर सोनभद्र जिला प्रशासन भी एलर्ट हो गया हैं और रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर रुकने वालों पर नजर रखी जानी शुरू हो गई हैं। दुद्धी तहसील मुख्यालय एवं आसपास के मुख्य स्थानों पर भी एसडीएम निखिल यादव व सीओ पीएस चंदेल के निर्देशन में कोतवाल मनोज कुमार सिंह हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने आम नागरिकों से अपील की हैं कि आपके आसपास या रेलवे स्टेशनों एवं बस अड्डों तथा अस्पतालों आदि सार्वजनिक स्थानों पर रुकने वालों में संदिग्ध दिखें तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच पड़ताल कर सके। उन्होंने होटल, रेस्तरा एवं रूम मालिकों से भी अपील किया हैं कि होटल या मकान आदि में कमरा देते समय अच्छे से जाँच पड़ताल कर लें और उनकी आई डी और मोबाइल नंबर जरूर वेरिफाई कर लें, कुछ आशंका हों तो तत्काल पुलिस की मदद ले सकते हैं।

सेवटी नदी में फेंका जा रहा बाजार का कचड़ा नदी में प्रदूषण का खतरा बढ़ा

तरूणमित्र न्यूज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज बाजार के कचरे से सेवटी नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है जीवनदामीनि सेवटी लगातार प्रदूषित हो रही है हलिया विकास खण्ड में कूडा संग्रह केन्द्र खुलने के वावजूद पूरे बाजार का प्लास्टिक कचरा सेवटी नदी के किनारे फेका जा रहा है यह कचरा नदी के अंदर चला जाता है जिससे नदी के पानी को प्रदूषित करने में प्रमुख रूप से जिम्मेदार है देवहट व महुगढी ग्राम सभा के लापरवाही से सेवटी नदी लगातार प्रदूषित हो रही है ड्रमंण्डगंज बाजार के दुर्गा घाट पर कचडे का ढेर जमा हूआ है बाजार में नियूक्त सफाई कर्मी गाडियो से कूडा सेवटी नदी के कीनारे पलट के चले जाते है जो बाद में धीरे धीरे नदी में जाकर पानी को प्रदूषित करने लगता है जबकि सभी ग्राम सभा को निर्देश है की कूड़ा कचरा संग्रह केन्द्र पर ही ही कचरा इकठ्ठा करे इसके लिए बाकादा ग्राम सभाओ में बैटरी युक्त ईरिक्सा भी खरीद लिया गया है इसके वावजूद नदी के किनारे प्लास्टिक कचड़ा फेकने से प्रदूषित हो रही नदी का खामियाजा आम आदमी को भुगतना पढ रहा है रोज धड़ल्ले से कूडा नदी के अंदर जा रहा है और पानी प्रदूषित हो रहा है प्लास्टिक की थैली पानी के अंदर एक लेयर बना लेती है जानकारों का मानना है की इसके चलते जलस्तर लगातार कम होता जाता तथा नदी में कूडा कचड़ा सडने से बीओडी बायो केमीकल आक्सीजन डिमांड कम हो जाती है इस कारण जलजरो में संकट खडा हो जाता है आक्सीजन के कमी के कारण जल जीव मरने लगते है यह गंभीर समस्या है इस ओर ध्यान देने वाला कोई नही है उधर खण्ड विकास अधिकारी हलिया ने बताया की नदी किनारे कूडा फेकने पर पूरी तरह से पांबन्दी लगा दी गई है अगर कोई नदी किनारे कूडा कचरा फेकते मिला तो कार्यवाही की जाएगी।

योजना आवेदन से पूर्व कागजात रखें तैयार: मंगल तिवारी

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। मजदूर नेता मंगल तिवारी ने निर्माण श्रमिको से अनुरोध करते हुए कहा है कि किसी प्रकार की योजना आवेदन से पूर्व अपने दस्तावेज तैयार कर फिर आवेदन करें जिससे योजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि पूर्व में योजना आवेदन के लिए upbocw बोर्ड द्वारा एक वर्ष की समयावधि दी गई थी जिसे साइट बंद होने पर लगभग एक वर्ष की समयावधि अतिरिक्त दी गई थी लेकिन वर्तमान में यह अवधि कुछ योजनाओं में मात्र 90 दिन निर्धारित कर दिया गया है। कहा कि निर्माण श्रमिक भाई- बहन आप सभी को यह ध्यान रखते हुए योजना का लाभ पाने के लिए 90 दिन के अंदर ऑन लाइन आवेदन करा ले अन्यथा हो सकता है आवेदन अमान्य हो जाए।

माकू महामंत्री मंगल तिवारी ने कहा कि यदि कोई समस्या हो तो मिर्जापुर असंगठित कामगार यूनियन कार्यालय में सम्पर्क कर सकतें हैं।

भारतीय सेना के सुरक्षा और साहस के लिए ईश्वर से कई गई प्रार्थना

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। हिन्दु युवा वाहिनी के तत्वावधान में सीमा पर चल रहे भारत पाकिस्तान के तनाव और हमले के बीच बरियाघाट स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पर बाबा की आरती की गई और प्रार्थना की गई कि ऐसे वक्त में महादेव की कृपा भारतीय सेना पर बनी रहे।

निवर्तमान जिला संयोजक अमित श्रीनेत ने कहा कि बाबा भोलेनाथ के आशीर्वाद से हमारे सभी सैनिक सुरक्षित रहें और भारत को हमेशा की भांति विजय प्राप्त हो तथा पाकिस्तान का और पाकिस्तान में वहां की सरकार और सेना द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का संपूर्ण खात्मा हो यही प्रार्थना है। आरती के इस कार्यक्रम में मौजूद सभी भक्तों ने हर हर महादेव का नारा लगाकर भारतीय सेना के

साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा की जरूरत पड़ने पर देश के नागरिक लोग भी सिविल डिफेंस का काम करेंगे। कहा कि हम सब अपने पराक्रमी सेना के जवानों की जीवन रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर भव्य आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पंचमुखी महादेव मंदिर के पुजारी विपिन, हेमंत सिंह, सुनील सिंह, गौरव ऊमर, सुधीर गुप्ता, पवन मालवीय, संदीप उपाध्याय, विवेक सिंह राजपूत, विजय गुप्ता, धीरज साहू, अंशु साहू, हरिहर प्रताप सिंह, नित्यानंद आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर सरपतहां ज्ञानपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अखिलेश दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सस्ता एवं समुचित साधन है। जिसके माध्यम से मामले त्वरित गति से निस्तारित हो जाते हैं। इसमें किसी प्रकार की न तो हार होती है ना तो जीत होती है। मामले अंतिम रूप से निस्तारित हो जाती है। उन्होंने दीवानी न्यायालय परिसर का भ्रमण कर वादकारियों से भी उनकी समस्याएं सुनी। न्यायिक अधिकारियों व बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लोगो के मामलों को निस्तारित करें। जिससे उनको राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का लाभ मिल सके। लोक अदालत में निस्तारण के लिए कुल 60469 मामले संदर्भित किए गए। कुल 47927 मामलों का निस्तारण किया गया। आपराधिक मामलों में कुल 420754 रुपया अर्थदंड वसूल किए गए। सक्सेसन के मामले में कुल 519631 रूपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा बैंक के प्री लिटिगेशन मामलों में कुल 30059453 रूपए वसूले गए।

एनआई एक्ट के मामलों में कुल 661000 रूपए समझौता धनराशि तय की गई। बिजली बिल बकाया संबंधित मामलों में रूपया 16224 रुपए की समझौता धनराशि तय की गई।

इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रत्नेश मणि त्रिपाठी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बंश बहादुर यादव, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत पवन कुमार तिवारी, अपर जिला जज प्रथम निवेदिता अस्थाना, अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट पुष्पा सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार मिश्र, जज सी.डि हरकिरन कौर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह आदि न्यायधीशों के द्वारा मामलों का निस्तारण किया गया।

मुकद्दस सफर-ए-हज पर जायरीन हुए रवाना

रवानगी से पहले सभी जायरीनों को फूल माला पहनाकर किया गया इस्तकबाल

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। जनपद से शनिवार को 52 आजमीन-ए-हज मुकद्दस सफर के लिए रवाना हो गए। लखनऊ से सभी जायरीन मदीना शरीफ के लिए उड़ान भरेंगे। सभी आजमीन-ए-हज को रवानगी से पूर्व उनके घर वाले, रिश्तेदार, दोस्त और पास-पड़ोस के लोगों ने फूल माला पहनाकर इस्तकबाल कर पुरनम आंखों से विदा किया। वहीं अपने लिए दयारे नबी में पहुंचकर सलाम अर्ज करने की दरख्वास्त की। इस दौरान सभी आजमीन-ए-हज के रवानगी से पूर्व उनके घर पर सुबह से ही मिलने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था।

जहां पर पहुंचकर लोगों ने उनको फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया और हज पर जाने के लिए मुबारकबाद दी। मुलाकात करने आने वाले उनके रिश्तेदार, परिवार के लोग, आस-पास के लोगों सहित दोस्तों ने हज के दौरान अपने लिए तथा अपने परिवार के लोगों

के लिए दुआ करने की दरख्वास्त की। जहां पर उनको पुरनम आंखों से दयारे हबीब स.के लिए रुखसत किया गया। इस दौरान जायरीन के सफर को आसान करने के लिए दुआ की गई। जायरीन को रवाना करते समय सुनहरी जाली मुबारक हो आदि नारे बुलंद की गई। भदोही नगर से हज पर जाने वाले जायरीनों से मुलाकात कर खुद्दाम-ए-हज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मास्टर ट्रेनर हाजी आजाद खां ने सभी आजमीन-ए-हज को हज कमेटी ऑफ इंडिया के गाइडलाइन के अनुसार सामान ले जाने के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि मदीना शरीफ में 40 वक्त की नमाज जमात से अदा करनी है। मक्का शरीफ में दाखिल होने और काबा शरीफ पर नजर पड़ते ही अल्लाह से दुआ करें। आपकी जायज दुआएं कबूल होगी।

इस मौके पर हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, मौलाना सोहैब आलम, हाजी युसूफ इमाम सिद्दीकी, हाजी हबीबुल्लाह शेख, हाजी इमाम बेग, हाजी जाहिद अली, हाजी अशफाक डिजाइनर, हाजी डॉ.नेहाल अहमद, हाजी इश्तियाक सिद्दीकी, हाजी मुमताज आलम, हाजी एहसान राईन, एहसान डायर राजू व शहाबुद्दीन अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

छात्राओं को किया गया विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत शनिवार को नगर के अहमदगंज में स्थित ज्ञानदेवी बालिका इंटर कॉलेज में अपराजिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को विभिन्न जानकारियां देकर जागरूक किया गया।

इस दौरान महिला थाना प्रभारी द्वारा छात्राओं को सरकार की योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098 व 108 तथा महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नारी सुरक्षा, बाल विवाह, पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

छात्राओं से कहा कि किसी भी आपात स्थिति में बेझिझक पुलिस की मदद ले सकती है। इसके लिए उनके द्वारा छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वें अपने गांव, मोहल्ले व कस्बे की महिला बीट आरक्षियों के बारे में जानकारी तथा उनका मोबाइल नंबर अपने पास रखें। अगर आपको कहीं भी अवैध गतिविधि जैसे बिना लाइसेंस की एसिड दुकानों के संचालन के बारे में जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। छात्राओं को साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे विशेष रुप से बचने और सतर्क रहने और 1930 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ताइक्कांडो प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के लिए ट्रेनिंग दी गई।

राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर

आवश्यकता है

पदनाम	पदों की संख्या	पुरुष/महिला	शैक्षणिक योग्यता
प्राध्यापक	03	पुरुष/महिला	स्नातकोत्तर/नेट/पी-एच.डी.

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में रिक्त पदों पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर दो प्रतियों में प्राध्यापक पद हेतु **रू0 500.00 (रू0 पांच सौ मात्र) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, आर0एस0 के0डी0पी0जी0 कालेज,** जौनपुर के पक्ष में देय एवं समस्त आवश्यक अंकपत्र, प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें, निर्धारित तिथियों के पश्चात प्राप्त आवेदनों को निरस्त माना जायेगा, जिस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विषयवार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है-

विषय	रिक्त पद
एम0एड	02 पद
राजनीति विज्ञान	01 पद

नोट- पूर्व में किया गया विज्ञापन अमान्य समझा जाय।

डॉ0 सत्यराम प्रजापति
प्रबन्धक
राजा श्री कृष्ण दत्त डिग्री कालेज
जौनपुर

प्रो0 (डॉ0) शम्भू राम
प्राचार्य
राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, जौनपुर

बीएसए की जांच में बंद मिला विद्यालय, हेडमास्टर निलंबित

आधा दर्जन शिक्षकों का रोका गया वेतन, मांगा स्पष्टीकरण

जौनपुर। जिले के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने शनिवार को रेंडम चेकिंग किया।

सबसे खराब स्थिति विकासखण्ड मुंगरा बादशाहपुर के विद्यालयों में देखने को मिली। जहां रामपुर चौकी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय समसपुर व प्राथमिक विद्यालय समसपुर निरीक्षण के समय बंद पाए गए। इस पर बीएसए ने प्रधानाध्यापकों सहित आधा दर्जन शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय समसपुर के प्रधानाध्यापक चन्द्रभूषण के विरुद्ध मिल रही लगातार शिकायतों और विद्यालय बंद मिलने की स्थिति में निलंबन की कार्रवाई की गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. पटेल सबसे पहले विकासखण्ड सिकरारा के प्राथमिक विद्यालय गोहदा का निरीक्षण करते हुए उन्होंने छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता, कार्मिक उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, और विद्यालयीय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। बीएसए ने छात्रों को पूरी तरह से निपुण बनाने के निर्देश दिए और शिक्षकों की कार्यशैली की सराहना की। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने कक्षा-एक में पढ़ाई जा रही गतिविधियों की जानकारी ली और विद्यालय की स्वच्छता, भौतिक अवस्थाएं एवं मिड-डे मील का भी जायजा लिया।

उन्होंने कमजोर छात्रों के लिए अलग से कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए और लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों के माता-पिता से संपर्क कर उन्हें स्कूल लाने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय नाहरमऊ और प्राथमिक विद्यालय कुंदहा का भी निरीक्षण किया। दोनों विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन विभागीय टैबलेट का उपयोग न होने पर बीएसए ने असंतोष जताया। नाहरमऊ विद्यालय में छात्रों की गणितीय समझ पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें मोटिवेशनल फीडबैक भी दिया।

हालांकि विद्यालय प्रांगण की सफाई न मिलने पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। कुंदहा विद्यालय में भी वित्तीय अभिलेख अद्यतन न पाए गए और मिड-डे मील की व्यवस्था गड़बड़ पाई गई, जिसके चलते ग्राम प्रधान से वार्ता कर आवश्यक बदलाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

प्रधान पुत्र की कुएं में मिली लाश, सनसनी

जौनपुर। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना गांव के प्रधान के 22 वर्षीय पुत्र का शनिवार शाम घर से आधा किलो मीटर दूर एक कुएं में शव मिलने से हड़कंप मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। करंजाकला ब्लॉक के पतहना गांव के वर्तमान प्रधान चंद्र भवन गौतम ने बीते शुक्रवार को सरायख्वाजा थाना पर तहरीर दी की बृहस्पतिवार रात करीब एक बजे से उसका 22 वर्षीय पुत्र कौशलेंद्र कुमार उर्फ सतीष गौतम घर से अचानक गायब हो गया है। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई थी। इसी बीच शनिवार शाम घर से आधा किलोमीटर दूर परिजन को दुर्गंध आने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर परिजन ने जा कर देखा तो एक कुएं के पास से दुर्गंध आ रही थी। उधर कुएं से दुर्गंध आने की सूचना आग की तरह फैल गई और काफी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने जब कुएं के अंदर देखा तो पता चला कि किसी युवक का शव कुएं के अंदर तैर रहा है। इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर शव को बाहर निकाला तो शव की पहचान कौशलेंद्र के रूप में हुई। इसके बाद कौशलेंद्र के भाई ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र के बेलछा ग्राम निवासी हरिश्चंद्र यादव 56 वर्ष शुक्रवार की रात्रि लगभग 11 बजे इसी थाना क्षेत्र के लाला बाजार तिराहे के पास सड़क के किनारे खड़े थे। उसी समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह खून से लतपत घायलावस्था में लाला बाजार तिराहे के पास पड़े हुए थे। स्थानिय लोगों ने तुरंत परिजन को सूचना दिया तो उन्हें 108 नंबर एम्बुलेंस द्वार जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाया गया। शनिवार की सुबह लगभग 10:00 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने सात का किया चालान

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत खेतासराय पुलिस ने शनिवार को आठ लोगों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय बताया कि थाना क्षेत्र के तीन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। अदालत द्वारा इन्हें कई सूचना दी गई। फिर भी ये न्यायालय में लंबित अपने मुकदमे में हाजिर नहीं हुए। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक अनिल कुमार पाठक, रविंद्रनाथ, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, अंबिका यादव, राकेश यादव के साथ पुलिस टीम गठित कर टीम ने धीरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ काजू निवासी गोला बाजार, व अब्दुल कादिर उर्फ झिनकू निवासी बाराकला, जय नारायण यादव निवासी ग्राम मनेछा के रूप में हुई है।

सब्जी खरीद रहे युवक की मोटरसायकिल चोरी, मुकदमा दर्ज

जौनपुर। नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के एक दुकान के सामने बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने गये युवक की बाइक चोरी हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के परियावां गांव निवासी अजयराज गौतम ने गुरुवार को थाने पर तहरीर दिया है कि सोमवार को वह बाइक से कचगांव बाजार में एक सर्राफ की दुकान के सामने बाइक खड़ी करके सब्जी खरीदने चला गया। सब्जी खरीदकर वापस आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। पुलिस नें तहरीर मिलने पर गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है और छानबीन करने में जुट गई है।

समाधान दिवस पर पांच मामलों का निस्तारण

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में थाना सिकरारा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से पांच पांच का निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद सम्बन्धी तथा गंभीर प्रकरण की शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शैक्षणिक भ्रमण से रूबरू हुए छात्र

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में सनबीम स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य करियर अवेयरनेस प्रोग्राम एवं विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा, नवाचार, और शोध कार्यों की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (आई ओटी, डाटा साइंस, एआई एमएल) एवं इंजीनियरिंग संस्थान के अन्य विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केंद्रों एवं प्रोजेक्ट वर्क्स को बिल्कुल नजदीक से देखने और समझने का मौका मिला। उन्हें शिक्षकों और शोधकर्ताओं द्वारा संबंधित तकनीकी जानकारियां प्रदान की गईं। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पुस्तकालय, स्टेडियम एवं सरोवर का भी भ्रमण किया।

शिक्षक के निधन पर शोक की लहर

जौनपुर। जनपद के शाहगंज तहसील व सुइथा कला ब्लॉक के छीतम पट्टी गांव निवासी शिक्षक व समाजसेवी भगवान सिंह का नौ मई की सुबह सात बजे हृदयाघात से निधन हो गया। यह खबर लगते ही इलाके में शोक की लहर व्याप्त हो गई। श्री सिंह अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र समेत चार भतीजा और छह पौत्रों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने 83 साल छह महीने की उम्र पूरी करने के बाद अपने गृह निवास छीतम पट्टी में सुबह सात बजे गो सेवा करते समय अंतिम श्वांस ली। मुखाग्नि उनके पुत्र कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने दी। शिक्षक के रूप में वर्ष 2006 में मिडल स्कूल के प्रधानाचार्य के तौर पर अवकाश ग्रहण करने के बाद अपराध निरोधक समिति में पदाधिकारी के तौर पर समाजसेवा शुरू की जो अंतिम श्वांस तक कायम रही।

बलुआघाट में पुलिस चौकी का शुभारंभ

जौनपुर। शहर थाना कोतवाली क्षेत्र के बलुआघाट पानी टंकी के पास वार्ड नं. 26 में नवनिर्मित पुलिस बूथ का उद्घाटन सीओ सिटी देवेश कुमार ने किया। वार्ड नं. 26 के सभासद आनंद उर्फ बच्चा निषाद ने पुलिस चौकी का निर्माण कराया। चौकी इंचार्ज सिपाह धनंजय राय एवं सिपाह चौकी के समस्त स्टाफ ने पुलिस चौकी के उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन के पति रामसूरत मौर्या, शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्रा, राज कॉलेज चौकी इंचार्ज रामप्रसाद यादव, चौकी इंचार्ज भंडारी गोपाल जी, चौकी इंचार्ज सरायपोख्ता सुनील यादव, चौकी इंचार्ज शकरमण्डी कंचन पाण्डेय, आनंद, राजू, मनोज, रामजनम, सुधीर, मनोज गिरी आदि मौजूद रहे।

देश की सुरक्षा में वीर जवानों की भूमिका अहम

बरैछामोड़। देश की सुरक्षा में वीर जवानों की भूमिका अहम होती है, और देश की आर्थिक सुरक्षा में अन्नदाताओं की सहभागिता बनती है वीर जवान और किस देश के विकास में दोनों का योगदान बनता है वर्तमान में भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद के खिलाफ सिंदूर नामक ऑपरेशन चल रहा है। पाकिस्तान आतंकियों की सुरक्षा देने में भारत पर प्रतिरोध की ज्वाला लेकर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इसमें जहां जवान देश के प्रति अपनी भूमिका निभा रहे हैं। देश के किसानों को भी इसका महत्व समझना चाहिए कि देश की आर्थिक स्थिति को बरकरार रखने वाले किसान, जवानों से एक कदम बढ़ा कर चले तभी देश विकास की ओर चलेगा और इसका मुंह तोड़ जवाब होगा। केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई गई। किसान सम्मन निधि योजना में दी जा रही सहायता मिल रही है अब किसानों का भी फर्ज बनता है कि वह वीर जवानों के लिए, निर्गत विषवी किस्त देश के लिए छोड़ दें तभी यह नारा सार्थक रूप से असली रूप में होगा जय जवान जय किसान।

एसपी के आदेश पर पति समेत छः के विरूद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के अशोकपुर गांव में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दहेज उत्पीड़न और हत्या के मामले में पति समेत छः पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार सुलतानपुर जनपद के अखण्डनगर थाना क्षेत्र स्थित अलीपुर कापा निवासी सुभाष की पुत्री सपना का विवाह बीते 10 जून को स्थानीय क्षेत्र के अशोकपुर निवासी जगदीश के पुत्र दीपक के साथ हुआ था। बीते 27 अप्रैल को विवाहिता के फांसी लगाकर जान देने की सूचना मायके वालों को मिली तो मायके वाले दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दिये लेकिन सरपतहां पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नही की गई। मृतका के पिता ने पुलिस अधीक्षक को घटना की लिखित शिकायत दी जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने आरोपित पति दीपक ननद पूजा, ज्योति, भारती, सास प्रमिला एवं उसकी बहन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया है।

राम चरित मानस के गायन के विभिन्न विधाओं पर हुई चर्चा

गायन में भाग लेती छात्राएं व प्रधानाध्यापिका डा. उषा सिंह।

जौनपुर। सिरकोनी ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चकताली में सात से 16 मई तक चलने वाले ग्रीष्म कालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया।

जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को रामायण गायन एवं वाचन का शुद्ध एवं लयबद्ध तरीके का ज्ञान सिखाना तथा आज के छात्रों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को समाप्त करने हेतु बच्चों को धर्म एवं नैतिकता की शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाना है। आज 10 मई को कार्यशाला के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ रामायण गायन एवं वाचन कार्यशाला के प्रशिक्षक अमरजीत, कार्यशाला समन्वयक उषा सिंह तथा एसएमसी अध्यक्ष रीता देवी तथा ग्राम प्रधान ललिता यादव द्वारा किया गया। आज के कार्यशाला में प्रशिक्षक पूनम राव तथा कुंदन ध्यानी एवं अमरजीत द्वारा रामचरित मानस के सुंदरकांड पाठ के अतिरिक्त हनुमान चालीसा का भी पाठ करना सिखाया गया। प्रशिक्षक अमरजीत द्वारा राम चरित मानस के गायन के विभिन्न विधाओं पर भी चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला में कुंदन ध्यानी तबला वादक के रूप में तथा अमरजीत हारमोनियम पर छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे है। आज के कार्यक्रम में गांव के अभिभावक भी उपस्थित रहे जिसमें ललिता यादव, सरविंद यादव, सुनीतादेवी, इंदा, सुनीता मीना, उषा यादव, आशा देवी, आरती देवी, काजल, गोल्डी, वंदना यादव, विनीता यादव, सुभाष यादव, शकुंतला तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम।

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा भारतीय सेनाओं के सम्मान में एक राष्ट्र, एक संकल्प के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 11 मई, को पूर्वान्ह 8:00 बजे जनपद मुख्यालय पर तथा सभी तहसील मुख्यालयों पर सशस्त्र बलों के समर्थन में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के सम्मान एवं निष्ठा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए तिरंगा यात्रा के आयोजन का निश्चय किया गया है, यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन एवं अपराजय शक्ति का सम्मान है। जिसके लिए सभी संभ्रांत नागरिकों से अपील किया है कि वे तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। इस यात्रा में जनप्रतिनिधि, सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, इण्टरमीडिएट व डिग्री कॉलेज की छात्र/ छात्राओं, सिविल डिफेंस के सदस्यों, एनसीसी, एनएसएस के कैटेट्स, रेडक्रॉस, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, उद्योग व्यापार मण्डल तथा अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों/ सदस्यगण, पूर्व सैनिक, मीडिया बन्धुओं व समाज के अन्य सभी वर्गों की भागीदारी की जाएगी। जनपद में यह तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट मुख्यालय से प्रारंभ होकर अम्बेडकर तिराहा, गांधी तिराहा, लाइन बाजार, पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस से होते हुए पुलिस लाइन में सशस्त्र बलों के सम्मान में कृतज्ञता व जनहित में तिरंगा यात्रा समापन होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी द्वय राम अक्षयबर चौहान, अजय अंबष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

गमछे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शनिवार सुबह सरायमोहिउद्दीनपुर गांव में विवाहिता का शव कमरे में पंखे से गमछे के सहारे लटका मिला। मृतका के पिता ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस मृतका के पति समेत सास व ननद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार सारी जहांगीर पट्टी निवासी राम बिशुन की पुत्री विजयलक्ष्मी (26 वर्ष) का विवाह किशन से गत वर्ष 11 जून को हुआ था। किशन थाने पर चौकीदारी करने के साथ ही घर पर एक किराने की दुकान भी खोल रखी है। शनिवार सुबह वह ड्यूटी पर चला गया। कथित तौर पर कुछ देर बाद पड़ोस की एक महिला कोई सामान खरीदने आई तो मृतका की सास संध्या ने उसे बहू को जगाकर सामान लेने के लिए कहा। महिला जैसे ही विजयलक्ष्मी के कमरे में पहुंची वह चीख पड़ी। कथित तौर पर विजयलक्ष्मी का शव बेड के ऊपर पंखे से गमछे के सहारे लटक रहा था। तुरन्त मृतका के परिजन ने पुलिस सहित उसके मायकेवालों को सूचित किया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, लेकिन इधर मृतका के पिता राम बिशुन ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर उसके ससुर दूधनाथ, पति किशन, सास संध्या तथा ननद नेहा उसे प्रताड़ित करते थे, लेकिन जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो विजयलक्ष्मी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव फांसी के सहारे पंखे से लटका दिए। थानाध्यक्ष सरपतहां अमित सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

विदाई शब्द ही काफी मर्माहत होता है : प्रो. मानस पांडेय

पीयू में प्रो. वंदना राय और डा. विद्युत को दी गई विदाई

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में सेवानिवृत्त होने पर बायोटेक विभाग की प्रोफेसर वंदना राय व विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय प्रभारी रहे डा. विद्युत कुमार मल्ल के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने 25 वर्षों की सेवा की यादों को साझा किया और अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि प्रोफेसर वंदना राय ने अपने शिक्षण एवं शोध कार्य से दुनिया के दो प्रतिशत साइंटिस्ट सूची में शामिल होकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। साथ ही डा. विद्युत कुमार मल्ल ने पुस्तकालय के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है, जो उनके न रहने पर हमेशा यादगार बना रहेगा। शोध गंगा की सफलता और पुस्तकालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस तक ले जाने के लिए उन्हें बधाई दी। प्रो. वंदना राय ने कहा कि आज विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। तमाम ऐतिहासिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है। आने वाले समय में यह विश्वविद्यालय और भी ऊंचाई हासिल करेगा, ऐसी पूरी उम्मीद है। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया। डा. विद्युत कुमार मल्ल ने कहा कि दुसरे प्रदेश के होने बाद भी यहां के लोगों ने अपना बना लिया। अब वह बंगाली भाषा के साथ साथ भोजपुरी भी बोल लेते है। उन्होंने छात्रों के लिए सन्देश दिया कि जब भी समय मिले पुस्तकालय जरुर जाये। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने किया। इस अवसर पर प्रो. देवराज, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. संतोष कुमार, डा. श्याम कन्हैया सिंह, डा. जान्हवी श्रीवास्तव, डा. वनिता सिंह, कर्मचारी संघ ने महामंत्री रमेश यादव समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने तीन घंटे में अपहृता को किया बरामद

जौनपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नेवढ़िया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मात्र तीन घंटे के भीतर एक अपहृता बालिका को सकुशल बरामद करते हुए मामले से संबंधित वांछित अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित थाना नेवढ़िया की टीम ने वांछित अभियुक्त आकाश गौतम पुत्र सरेम गौतम निवासी ग्राम तरतीडीह, थाना नेवढ़िया को दीपापुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से अपहृता पूजा (काल्पनिक नाम) को भी सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता की बरामदगी के समय उसके पिता भी मौके पर उपस्थित हो गए और उन्होंने पुलिस टीम का आभार जताया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44306 मामले हुए निस्तारित

जौनपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-1 की अध्यक्षता एवं निर्देशन एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रणजीत कुमार व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया तथा उनके द्वारा अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु सर्व सम्बन्धित को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता कौशिक समस्त अपर जनपद न्यायाधीशगण तथा समस्त सिविल व फौजदारी न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित 4917 एवं राजस्व न्यायालयों तथा प्रशासन के अन्य विभागों में प्रीलिटिगेशन वाद कुल 39389 अर्थात कुल 44306 मामलें निस्तारित हुए तथा समझौता राशि कुल रू0 117972759 रुपये की गई। पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 94 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें पीड़िता को मु0 12500000 रूपये की समझौता राशि प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी एमएसीटी द्वारा क्षतिपूर्ति के 48 मुकदमें लगाये गये जिनमें से 45 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल रू0 30782000 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति याचीगण को दिलायी गयी। न्यायालय अपर जिला जज चतुर्थ द्वारा विद्युत वसूली के 451 वादों का निस्तारण कराया गया। विभिन्न न्यायालयों द्वारा 3338 शमनीय फौजदारी वादों को निस्तारित किया गया जिनमें रू0 218400 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। एनआई एक्ट के दो मामलों का निस्तारण किया गया तथा अन्य प्रकार के 940 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें समझौता राशि रू0 35035 दिलाया गया। सिविल न्यायालयों द्वारा कुल 47 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें उत्तराधिकार के मामलों में मु0 3738309 रूपये का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवाद के चार मामलों का निस्तारण किया गया तथा राजस्व न्यायालयों फौजदारी के 1425 वादों, राजस्व के 428 वाद एवं अन्य प्रकार के 36351 व नगर पालिका द्वारा जलकर से सम्बन्धित 49 वादों, विद्युत बिल से सम्बन्धित 219 मामलों का निस्तारण किया गया। बैंक/फाइनेंस कम्पनी एवं बीएसएनएल आदि के रिकवरी से सम्बन्धित 913 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा जिसमें मु0 70574015 रुपये का समझौता किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44306 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल रू0 117972759 रुपये की धनराशि पर समझौता किया गया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

जौनपुर। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ और लायन्स क्लब मेन के संयुक्त तत्वावधान मे निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर रविवार को समय प्रात: 10 बजे से 01 बजे दिन तक स्थान कुमुद सभागार निकट कुमुद मदर चाइल्ड नर्सिंग होम ताड़तला पर आयोजित किया गया है। जिसमे विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श व जांच की जायेगी। संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों से अपील किया है कि उक्त स्थान पर उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाये। शिविर में विशेष रूप से शुगर, ईसीजी, ब्लडप्रेशर, बीएमडी आदि की नि:शुल्क जांच किया जायेगा।

देश दुनिया में आज भी है महाराणा प्रताप की ख्याति : मृगेंद्र सिंह

जौनपुर। बरसठी विकास खण्ड के कटवार स्थित संग्राम सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार की देर रात्रि महाराणा प्रताप की जयंती कवि सम्मेलन आयोजित कर मनायी गयी। उनकी जयंती पर आए प्रदेश के नामी गिरवी कवियों ने अपनी कविता पाठ कर उन्हें याद किया। बताया कि किस प्रकार महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाकर अपनी जवान देश के नाम कुर्बान कर दिया।

आज के युवाओं के लिए वह प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी किताबें पढ़ना चाहिए। उनसे जुड़ी तमाम रोचक जानकारियां साझा करना चाहिए। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी कुछ सीख और सबक ले सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंगरामऊ घराने के मृगेंद्र सिंह बाबा ने सभी कवियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुष जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए कुर्बान कर दिया आज ऐसे महापुरुष का नाम लेने वाले उनकी जयंती मनाने वाले बहुत ही कम है। ऐसे कार्यक्रम को आयोजित कर महापुरुष को याद करने वाले आयोजक गंगा सिंह को बधाई दिया और उनका आभार जताया। महाराणा प्रताप जैसे महापुरुष की जयंती मनाने का कार्य पूरे जिले में सिर्फ कटवार में सबसे पहले शुरू किया था। इसके पूर्व उन्होंने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण किया। कवि सन्दीप कुमार बाला, अरुण कुमार यादव ने अपनी कविता से लोगों को बांधे रखा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मछलीशहर भाजपा डा. अजय कुमार सिंह, चन्द्रभान सिंह, सुशील पाठक, जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन अजय कुमार सिंह, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

बिना आईडी सत्यापन के सिम बिक्री पर जाएंगे जेल : एसपी

सिम विक्रेताओं पर पुलिस ने कसी नकेल

स्लीपिंग मॉड्यूल पर पुलिस की नजर

जौनपुर। आतंकवादी घटनाओं पर रोक लगाने और स्लीपिंग मॉड्यूल के रूप में गांव से निकल रहे संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए जौनपुर पुलिस ने अब सख्त तेवर अपनाया है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन पर क्षेत्र के सभी डिप्टी एसपी, थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि अपने सर्किल में सिम बेचने वाले दुकानदारों की बैठक करके उन्हें फर्जी सिम लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे।

दूसरे प्रांत के लोगों को कत्तई न दे सिम

जौनपुर। भारत-पाकिस्तान सीमा पर घटित हो रही आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर जिले की पुलिस टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड़ में आ गई है। पुलिस ने जिले भर के सभी मोबाइल सिम विक्रेताओं को कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्हें बताया गया है कि पश्चिम बंगाल, आसाम, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर व अन्य केंद्र शासित राज्य का कोई भी व्यक्ति आधार कार्ड लेकर सिम लेना चाहें तो उसकी गहराई से जांच कर लें। वह क्या लोकल अथवा किसी गाँव का है। या किसी के घर रिश्तेदारी और किराएदार के रूप में आया है। ऐसी तमाम जानकारियों के बिना सिम देना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है।

जौनपुर। बिना आईडी सत्यापन के मोबाइल सिम बेचने वालों पर पुलिस ने नकेल कस दिया है। क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े दुकानदारों को बुलाकर उन्हें सख्त हिदायत दी है। कहा कि पैसे के लालच में देश की सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए। जिस व्यक्ति को आप मोबाइल सिम दे रहे हैं। उसका नाम, पता, पूरी तरह से सत्यापित होना चाहिए। बिना सत्यापन के किसी को भी सिम देने वाले दुकानदार, संबंधित डीलर के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन पर प्रभारी इंस्पेक्टर आर एस यादव ने स्थानीय थाना परिसर में शनिवार सर्किल क्षेत्र के सभी बाजारों में मोबाइल सिम बेचने वाले दुकानदारों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान व्यापार मंडल के कुछ पदाधिकारी को भी बुलाया गया था। जिसमें सिम बेचने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्देश क्षेत्र के सभी सिम विक्रेताओं को पढ़ कर सुनाया गया। उनको निर्देश दिया गया कि सिम जिसे भी आप बेचे, उसका आधार कार्ड सत्यापित जरूर करे। लोकल मार्केट में आसपास के गांव के ही लोग आते है। अगर किसी पर शक हो तो आधार कार्ड पर लिखे पते के जरिये ऊक्त गांव के अपने जानने वाले से सिम खरीदने वाले के बारे में विस्तार से पूछे।

अगर वह आसपास किसी के घर या गांव आया है। तो भी बिना जांच पड़ताल किये सिम नहीं बेचे। अगर सिम की बिक्री करते हैं तो उसकी फोटो जरूर खींच लें। इसके अलावा अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति समझ में आये तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा समाज में किसी प्रकार के अफवाह की जानकारी मिले तो भी पुलिस को बताये। इस मौके पर एसआई धनुषधारी पाण्डेय, सजंय कुमार, चौकी प्रभारी मनोज राय, विपुल राय सहित अन्य मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में दुकानदारों को निर्देशित किया है कि बिना भौतिक सत्यापन के अगर कोई भी दुकान दार, विक्रेता मोबाइल सिम देता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

20 मई तक होगा राशन का वितरण

जौनपुर। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है कि जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह-मई, में नि:शुल्क वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न वितरण की तिथि 09 मई से 20 मई के मध्य निर्धारित की गयी है। जनपद के समस्त कार्डधारकों से अपील की जाती है कि वे 09 मई से 20 मई के मध्य उचित दर दुकानों पर पहुंचकर अपने राशनकार्ड पर नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर लें। जिलापूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि अपने उचित दर दुकान के बाहर उक्त वितरण तिथि प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें साथ ही गॉव स्तर पर उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार कराते हुए सभी राशन कार्ड धारकों /लाभार्थियों को नौ मई से 20 मई के मध्य नियमानुसार शत् प्रतिशत नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

एटीएम में पैसे न होने से उपभोक्ता हलकान

केराकत। इन दिनों लग्न मुहूर्त चलने से वैवाहिक आयोजन हर शहर हर गांव में स्वाभाविक तौर पर हो रहे है जिसमे लोगों को काफ़ी धन राशि की भी आवश्यकता होती है। लोग दिन रात एक कर काफ़ी मशक्क़त के बाद एक एक पाई जोड़ कर बैंक में पैसे जमा करके इसी दिन के लिए रखते हैं और यही पैसा आपके ज़रूरत पर यदि न मिले तो क्या आपके साथ बेईमानी नहीं होगी।

जी हा हम बात कर रहे है स्टेट बैंक एटीएम की जो खुला तो रहता है पर उसमें पैसे रिफ़िल नहीं किए जातें। शुक्रवार से ही स्टेट बैंक के एटीएम में पैसे नहीं है बस उसे शोपिस की भातीं खोलकर उपभोक्ताओं को बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है। उपभोक्ता एटीएम में आ रहे है तो उनको निराशा ही हासिल हो रहा है। अब इस समय जबकि उपभोक्ताओं को निकासी की शख्त आवश्यकता है तो बैंक एटीएम द्वारा धोखा मिलना स्टेट बैंक के बेहतरी के पक्ष में तो बिल्कुल नहीं है। ऐसा न हो की आने वाले समय में स्टेट बैंक से उपभोक्ताओं का मोह भंग न हो जाये। जिम्मेदार लोगों को इसकी सुध लेनी ही पड़ेगी।

पिकअप की टक्कर से आंगनवाड़ी सहायिका की मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा क्षेत्र के धौरइल गांव के समीप शनिवार की सुबह तेज़ रफ्तार पिकअप ने आंगनवाड़ी सहायिका व ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे आंगनबाड़ी सहायिका 48 वर्षीय मीरा देवी पत्नी गुलाब विश्वकर्मा, निवासी खलीलपुर की मौत हो गई। बताते हैं कि उक्त गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने अपने कार्य स्थल पर जाते समय आंगनबाड़ी सहायिका मीरा को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद अनियंत्रित पिकअप ने एक ई-रिक्शा में भी टक्कर मार दिया। एम्बुलेंस की सहायता से आंगनबाड़ी सहायिका एवं ई रिक्शा चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मीरा को मृत घोषित कर दिया। ई-रिक्शा चालक 39 वर्षीय प्रेम बहादुर निवासी धौरईल की हालत गंभीर बताई जाती है। सरायख्वाजा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पिकअप को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि पिकअप को कब्जे में लेकर चालक का पता लगाया जा रहा है।

जनसुनवाई 14 को

जौनपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में 14 मई को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता बिंद द्वारा महिला जनसुनवाई शाहगंज ब्लाक के सभागार में किया जाएगा।

तरुणमित्र

रविवार, 11 मई 2025

संवत- 2082, वैशाख शुक्ल पक्ष- 14

आतंक के दलदल में पाक

आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है। युद्ध जैसी स्थितियों के बावजूद अपने एयरस्पेस को बंद न करना और बॉर्डर के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जारी रखना बताता है कि पाकिस्तान जानबूझकर हालात और खराब करना चाहता है। वह हर मुमकिन कोशिश कर रहा है, जिससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ जंग बड़े युद्ध में बदल जाए और उसे दुष्प्रचार का मौका मिले। भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए। इस्लामाबाद के सारे कदम अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के उलट हैं। वह खास धार्मिक इमारतों को लक्ष्य कर गोलाबारी कर रहा है, ताकि भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके। लेकिन, पूरा देश एकजुट है और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना ने भी जवाबी एक्शन में बहुत ही संयम से काम लिया है। बार-बार उकसाए जाने के बावजूद सेना ने केवल लक्षित हमले किए हैं। साथ ही, वह पाकिस्तानी दुष्प्रचार की भी पोल खोल रही है। पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था। लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते 7 आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया।

यानी अभी भी पाकिस्तान आतंकियों के सहारे भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश में लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वहां से और हमलों की साजिश चल रही थी। पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा नहीं झेल पाएगी, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे IMF से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार का बिल्कुल सही कहना है कि वह इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

तेरा वैभव अमर रहें मां हम दिन चार रहें न रहें

जब जब हमारी भारत माता की तरफ किसी नई कुदृष्टि डाली तो हम उसकी आंख निकाल लेने लिए ऑपरेशन सिंदूर ही एकमात्र विकल्प बचता है,हम यह लड़ाई अपनी मानवीय अस्मिता की लड़ रहे हैं हम पहले कभी किसी को छेड़ेंगे नहीं और किसी ने छेड़ दिया तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं हम भारत की संस्कृति और संस्कार का त्याग कभी नही करते ,परन्तु जब कोई अनायास इसके लिए कटिबद्ध हो जाता है तब हम राम चरित मानस की उस चौपाई जो नहीं दण्ड करऊँ सठ तोरा। भ्रष्ट हो श्रुति मारग मोरा।हम न चाहते हुए भी अब अपने दुश्मन को नेस्त नाबूत किये बिना छोड़ेंगे नहीं, क्योंकि कांटा कैसा भी हो चुभता ही रहेगा।हमने कई अवसर दिया गुनाह बख्शे हैं हम एक ही थे हम यही मानकर चलते रहे और वो घर जल गया घर के चिराग से की बात को चरितार्थ किये रहा। इतना शक्ति सम्पन्न देश चीन भी हमसे दो दो हाथ करने में घबराता है,परन्तु यह दुच्चा पाकिस्तान अपनी घिनौनी हरकतों से बाज ही नही आ रहा है, अब हम वही करेंगे कि,न रहेगा बांस न बाजेगी बाँसुरी। हमारे रण बाँकुरों ने दिखा दिया है कि ये वह भारत है जो धर्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा के लिए बलिदान देना ही अपना स्वधर्म समझता है,हमने युद्ध नही छेड़ा हम केवल आतंकी को और उसके आका को अंजाम तक पहुँचाना चाहते थे,परन्तु अभी रात में जिस प्रकार हमारे 15 शहरों को निशाना बनाया गया तो हम उन दुष्टों का नामो निशान मिटा देंगे। हमारी सेना के जवानों की बाजुएँ फड़क रही है।

तहस नहस कर देने के लिए हम अब वो करेंगे जो सारा जग देखेगा। हमारी शांति की अवधारणा विश्व प्रसिद्ध है हम गुट निरपेक्ष नीति हमारी पर्यावरण नीति करोना काल 100 देशों को टीके की फ्री सप्लाई से दुनिया की सेवा का भाव सबने देखा है, भारत की सनातन संस्कृति छुप कर वार करने की नही है। पाकिस्तान की नीति हीन नैतिकता और झूठ को कौन नहीं जानता ऐसे में पूरे विश्व को हमारी साख का पता है,हम नैतिकता भरे भाव से आज विश्व की तीसरी इकॉनमी बन रहे हैं।

मेरा भाई, मेरी बहन, मेरा बेटा, मेरा बाप सीमा पर है हम सर्व धर्म समभाव से देश जी अस्मिता की रक्षा कर रहे है, हमारी बहन कुरेशी और व्योमिका सिंह साथ साथ ऑपरेशन में अपना कौशल दिखा रही हैं, तो हमारा सबका नैतिक दायित्व बनता है कि हम उनके कंधे से कंधा मिलाकर उनके मनोबल को और ऊंचा करें, यह लड़ाई धर्म और अधर्म की है यह लड़ाई सत और असत के बीच है, विजय हमारी होगी, हम सबल सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना एक एक पल अर्पित कर देंगे,हमारा जो कुछ भी है वह इस भारतमाता का है यही से सब हमने लिया है,और इसके लिए सब कुछ यहीं छोड़ सकते हैं हम उस देश के वासी है जहाँ का सिद्धांत रहा है कि तेरा वैभव अमर रहे माँ हम दिन चार रहे न रहें हमारा अस्तित्व ही इस मिट्टी में है इसके कण कण में है इसलिए इसके कण -कण की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है इस घड़ी में हमारे सीमा से लगे निवासियों को चैतन्यता भरी तैयारी के साथ रहना होगा क्योंकि वो दुश्मन के काफी करीब हैं और दुश्मन धोखेबाज है हम अपने इस विजय अभियान में आपा -धापी न बनाएं, शांति बनाए रखें, जमाखोरी और अफवाहों को बढ़ावा न दें क्योंकि इससे हमारी आंतरिक शक्ति कमजोर होती है। युद्ध के समय सबसे बड़ी राष्ट्र भक्ति शांति की स्थापना होती है, हम आप इसका महत्त्व समझें, हाँ यह भी आवश्यक है। कि हम इस युद्ध काल को राजनीति के नजरिये से न देखें और इसमें पक्ष और विपक्ष के तार्किक वार्ताओं का बहुत महत्त्व न दें। एक नागरिक होने के नाते हमारा नैतिक कर्तव्य है कि शान्ति, संयम और सहनशीलता का सम्यक पालन करते हुए हम अविजित मानवीय संवेदनाओं का परित्याग न करें और एक दूसरे को सहिष्णुता, सेवा सहयोग भाव को समर्पित करें हम रन बांकुरों के उत्साह को सदा बढ़ाएं।

प्रोफ आर एन त्रिपाठी समाज शास्त्र विभाग बीएचयू वाराणसी पूर्व सदस्य उप्र लोक सेवा आयोग

आतंकवाद-हिंसा का रास्ता केवल विनाश का रास्ता है

भारत के पड़ोसी मुल्क स्वयं की समस्याओं से दिमाग भटकाने एवं भारत में गृहयुद्ध की स्थिति पैदा करके भारतीय विकास को अवरुद्ध करने के लिए पहलगाम की जघन्य सूचना को अंजाम दिया गया, उसका परिणाम है कि आज हम सब युद्ध के मुहाने तक आ पहुंचे हैं। भारतीय जनजागरण ने समकक्षता का परिचय दिया और गृह युद्ध के बजाय आतंक के आका, आतंकवादियों का प्रशिक्षण स्थल एवं आतंक प्रायोजित करने वाले पाकिस्तान को ही निशाने पर लिया गया।

आक्रोश को शांत करने के लिए युद्ध का सहारा न लेकर,कुछ विलम्ब करके -केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया जाना अंतराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी क्रिया कलापों के खात्मा एवं विश्व शांति की दिशा में शुरुआती कदम था। लेकिन आतंक के आका(पाकिस्तान) को यह हजम नहीं हुआ और सर्जिकल स्टाइक (6/7 मई 2025) के बाद मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल होना और भारतीय सीमा क्षेत्रों में ताबड़तोड़ ड्रोन हमला उसी अंदाज में करना जैसे आतंकी संगठन हमास ने इजरायल में करता रहता है-किया। भारत जिसे आतंकवादियों तक सीमित (operation Sindoor) रखना चाहता था। उसे युद्ध में बदलने की लगातार कार्रवाई कर रहा है। जबकि भारत ने अपने मारक क्षमता का परिचय देते हुए यह समझाने का पुरजोर प्रयास किया है कि भारतीय जान- माल को हानि पहुंचाने वाले कार्यवाही बंद करो अन्यथा पुरा पाकिस्तान हमारे रेंज में है। हमें युद्ध के लिए विवश किया गया तो हम बख्शेंगे नहीं। जहां तक पाकिस्तान के तरफ से सहयोग की अपील की जा रही है। उसमें अमेरिका ने साफ इंकार कर दिया है। कारण कि जब भी अमेरिका ने सहयोग किया है। - उसे बेईज्जती का सामना करना पड़ा था। जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण अमेरिकी पैटर्न टैंक जिसे वीर अब्दुल हमीद ने RCL Gun से ध्वस्त कर दिया। एक जबरदस्त पनडुब्बी जहाज गाजी को पुराना जर्जर I.N.S.Rajput ने डुबा दिया था।

यही नहीं 1970 माडल के MiG-21 जहाज से अत्याधुनिक अमेरिकी जहाज F-16 को भी भारतीय जवान ने हवा में टक्कर मार कर गिरा दिया था। यही कारण है कि- अमेरिका को यह समक्ष में आ गया कि दोस्ती हो या दुश्मनी हमेशा बराबरी में ही करानी चाहिए। बेजोड़ हथियारों का संचालन भी बेजोड़ ही कर सकते हैं। इस आपरेशन सिंदूर ने प्रतिरोधक क्षमता के लिए भारत को दुनिया का नम्बर वन सिद्ध कर दिया है। हवाई हमलों को रोकने में इजरायल (98%) प्रथम, तो रूस 80% के साथ द्वितीय रहा है। भारत ने अभी तक 100% हवाई हमलों (Air Attack) को रोकने में कामयाब रहा है। यही कारण है कि किसी भी देश की उन्नत किस्म के युद्धक साजो सामान हो भारतीय फौजी उसे अपने लगन, उत्साह एवं साहस के बल पर सर्वोच्च सिद्ध कर ही देते हैं।

यह है भारतीय जवानों का जज्बा और पराक्रम का अनूठा मिशाल। प्रोफेसर (कैप्टन) अखिलेश्वर शुक्ला का मानना है कि भारतीय फौज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह सिद्ध करने में कामयाब होगी कि हम युद्ध नहीं चाहते, हम जान- माल की क्षति नहीं चाहते भले ही वह पाकिस्तानी अवाम हीं क्यों ना हो। राजनीति वैज्ञानिक प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला ने कहा कि यदि भारतीय फौज को मजबुर होकर युद्ध लड़ना पड़ा तो आतंक का पर्याय बन चुका पाकिस्तान विश्व के लिए भविष्य में आतंकवादियों का प्रशिक्षण स्थल नहीं रहेगा। साथ ही बलोच, पख्तून तथा सिन्धी समस्या से मुक्त हो जायेगा वसुधैव कुटुम्बकम् एवं विश्व शांति की बात करने वाले भारत की जय हो।

प्रोफेसर (कैप्टन) अखिलेश्वर शुक्ला, पूर्व प्राचार्य /विभागाध्यक्ष- राजनीति विज्ञान, राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय -जौनपुर (उ्प्र) भारत प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला

चंदौली

मां भारती के जवान सीमा की ओर हो रहे रवाना

परिजन सहित ग्रामीणों ने माथे पर सिन्दूर लगाकर किया विदा

चंदौली। मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाना अंतर्गत पसही ग्राम निवासी सेना के जवान कमलेश कुमार कन्नौजिया सूचना मिलने के बाद सीमा की ओर रवाना हो गए। परिजनों और ग्राम वासियों ने उन्हें गाजे बाजे के साथ देश सेवा के लिए सीमा की ओर रवाना किया। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने उन्हें सिंदूर लगाकर व फूल माला पहनाकर देश सेवा के लिए रवाना किया। आपको बता दे कि कमांडो कमलेश कुमार एनएसजी के पूर्व कमांडो रह चुके हैं। तथा वर्तमान समय में पहलगाम सीआरपीएफ कमान में स्पेशल सर्च ऑपरेशन के हेड के पद पर नियुक्त किया गया है। पिछले दिनों पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा कायरना पूर्वक पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाए जाने के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया जा रहा है। जिसको देखते हुए सभी जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। तथा उन्हें वापस अपने रूप में तत्काल बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में सेना की ओर से देश की रक्षा का बुलावा आने पर कमलेश कुमार शनिवार को पहलगाम के लिए रवाना हो गए। विदा करते वक्त कमांडो कमलेश कुमार के पिता रामलोचन कन्नौजिया, भाई जमुना प्रसाद, गुड्डू प्रसाद गर्व का अनुभव कर रहे थे। जवान की पत्नी सोनी तथा माता मुन्नी देवी ने माथे पर सिन्दूर लगाकर व फूल माला के साथ ढोल नगाड़ों के बीच देश सेवा के लिए रवाना कर दिया। इस भावुक अवसर पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने भारत माता की जय वंदे मातरम सहित कई गगन भेदी नारे लगाए। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक के एकाउंटेंट अनिल कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह, दिनेश बियार, प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश, रामवृक्ष कन्नौजिया, भूतपूर्व सैनिक अजीत कुमार, जितेंद्र कन्नौजिया, निरंजन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यह एक भावुक और सम्मानजनक दृश्य है। सीआरपीएफ जवान कमलेश कुमार का अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण और उनके परिवार का स्नेह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 15 वर्षों की सेवा वास्तव में एक लंबा और समर्पित समय है, जिसमें उन्होंने देश की सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान

दिया है। पहलगाम में सर्च ऑपरेशन हेड के तौर पर उनकी नियुक्ति उनकी क्षमता और अनुभव का प्रमाण है। उनके क्षेत्र के लोगों और परिवार द्वारा विदाई दी गई, विशेष रूप से घर की महिलाओं द्वारा सिंदूर लगाना, भारतीय संस्कृति की गहराई और अपने प्रियजनों की सुरक्षा और सफलता के लिए की जाने वाली प्रार्थनाओं को दर्शाता है। यह रस्म न केवल सुरक्षा की कामना करती है बल्कि एक मजबूत भावनात्मक बंधन और आशीर्वाद भी दर्शाती है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सेवा वास्तव में सराहनीय है। और यह देखकर अच्छा लगा है कि उनके योगदान को उनके समुदाय और परिवार द्वारा मान्यता और सम्मान दिया जा रहा है। लोग उनकी बहादुरी और समर्पण को सलाम कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि उनका मिशन सफल हो।

कितना श्रम में...?

आओ मित्रों तुम्हें सुनाएं...!
जग वालों की इंसानी दास्तान...
नहीं अघाते लोग यहाँ,
करते-करते खुद का ही बखान...
मौका मिलते ही प्यारे,
हर मंच पर देते रहते हैं ये बयान....
नहीं धरा पर उनसे अच्छा,
जिसका तुम कर पाओगे गुणगान...
गौर से देखो प्यारे....इस युग में...
गजब दौर में...जी रहा है इंसान....
सब की अलग-अलग है जरूरत,
सबके अलग-अलग हैं भगवान...
कारण इसके पीछे बस एक है मित्रों
सब ही चाहें....इस जग में...
सबसे अलग हो उसकी पहचान...
हर हाल में उसका उल्लू सीधा होवे,
भाड़ में जाए जग के सारे अहसान...
बस इसी कामना में प्यारे...!
लगाए पड़ा है वह जी-जान....
धन-वैभव,यश-कीरत पर,
हर-पल,हर-दम रहता उसका ध्यान
यही नहीं बस इस पर ही....!
रहता उसको बड़ा गुमान....
और तो और देखो तो प्यारे....
तय कर रखा है सबने....!
किसको कितना देना है सम्मान....
एक फलसफा और है सीखा,
नहीं भूलना है कभी भी....!

कहीं हुआ हो जो अपमान.....
क्षमा माँगने की आदत भी,
भूले बैठा है हर इंसान....
भले जानते सभी यहाँ पर,
खतरनाक बहुत होता है....!
आधा और अधकचरा ज्ञान....
हर इक इंसान....यहाँ लिए बैठा है...
अपना-अपना अभिमान....
खुद गढ़ता परिभाषा सारी....
और...मानक करता तैयार....
इस मानक पर ही वह तय करता है..
कौन गिरा हुआ है कितना...और...
कौन है कितना यहाँ महान.... ?
मानो या न मानो मित्रों....!
कड़वी लग सकती हैं...ये सब बात...
पर...यही है अब के इंसानी जज़्बात

संग इसी के कहता मैं....!
एक सीधी और सच्ची बात....
लोकतंत्र की अंत है माया,
जहाँ...सब इंसान हैं एक समान...
झूठ-साँच की लिए पोटली
भले घूम रहे हों सब सीना तान....
तनिक देर नहीं लगती है प्यारे,
गिरने में....इंसानी झूठी शान....
मिट जाती हैं परिभाषाएं सारी,
कितना हू हो इनका ज्ञान....
चढ़े कभी ना लाली...इनके होठों पर
कितनी ही घुलायें ये मुँह में पान....
ध्रुव सत्य यही है प्यारे...फिर भी...
देखो तो...कितना भ्रम में.... ?
जी रहा है अब का इंसान....
देखो तो....कितना भ्रम में.... ?
जी रहा है अब का इंसान.... .

रचनाकार.....
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त,लखनऊ

...आज का दिन...

मेष- आभिलाषा की पूर्ति, पुराने विवाद का समापन, कर्ज के अदायगी का प्रयास सार्थक, वैवाहिक जीवन में सुख शांति, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।

वृषभ- किसी योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रयत्नशील, आत्म संयम से कार्य सिद्धि, उच्चाधिकारियों से लाभ, आपसी संबंधों में सामंजस्य, यात्रा का प्रसंग।

मिथुन- सामयिक कार्यों में सुगमता, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, आहार-विहार में नवीनता, आवागमन में अनुकूलता।

कर्क- गुप्त चिंताएँ स्वास्थ्य पर प्रभावी, पूँजी का प्रतिफल न प्राप्त होने से अशांति, प्रियजनों से तनाव, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका, धन हानि भी।

सिंह- बहुप्रतीक्षित कार्य के बनने से प्रसन्नता, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, धर्म के प्रति आस्था, परोपकार की भावना जागृत।

कन्या- व्यापारिक विस्तार में प्रयास, विचारों में जागरूकता, सामाजिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, मनोरंजन में रुचि।

तुला- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता, शत्रु पराभूत, लाभ का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-स्वजनों से आपसी तालमेल, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

वृश्चिक- आरोग्य सुख में कमी, जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें, कार्य की अधिकता से तनाव, राजकीय पक्ष से असहयोग, वैवाहिक संबंधों में कटुता।

धनु- विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, आपसी सलाह से कामयाबी, उपहार एवं सम्मान का लाभ, नौकरी में पदोन्नति, वाहन सुख, यात्रा संयोजनक।

मकर- स्वास्थ्य में अनुकूल सुधार, परिवार में आपसी तनाव में कमी, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का लाभ, दूर या समीप की यात्रा लाभदायक।

कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, विरोधी परास्त, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा संतोषजनक।

मीन- प्रियजनों से मतभेद, वाद-विवाद की आशंका, पारस्परिक संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, निष्प्रयोजन व्यय, आरोग्य सुख में कमी, दुर्घटना की आशंका।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

रेरुआ पम्प नहर के आधुनिकीकरण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर प्रशासन सतर्क

चंदौली। विकास खण्ड बरहनी के ग्राम रेरुआ में संचालित 20 क्यूसेक क्षमता वाली रेरुआ पम्प नहर के आधुनिकीकरण हेतु 460.51 लाख की लागत से रेरुआ पम्प नहर आधुनिकीकरण परियोजना माह अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ की गई थी। वर्तमान में परियोजना के अंतर्गत धनाइतपुर माइनर पर कार्य प्रगति पर है।

कार्य गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देश पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रथम श्रेणी की ईंटों का प्रयोग पाया गया। हालांकि, दिनांक 08 मई 2025 को प्राप्त एक वीडियो में दोयम दर्जे की ईंटों की आपूर्ति की संभावना जताई गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित ठेकेदारों—मैसर्स पूजा इंटरप्राइजेज एवं मैसर्स धीरेन्द्र विक्रम सिंह—से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि यदि कार्यस्थल पर निम्न गुणवत्ता की ईंटें पाई गईं, तो उन्हें तत्काल हटवाकर प्रथम श्रेणी की ईंटों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूर्व में कराए गए ब्रिक लाइनिंग कार्यों की गुणवत्ता की जाँच हेतु सैम्पल टेस्ट रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि ठेकेदारों द्वारा उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाता है अथवा जांच में दोयम दर्जे की ईंटें की पुष्टि होती है, तो अनुबन्ध की शर्तों के तहत उनके भुगतान से 1% की पेनाल्टी राशि काटी जाएगी। साथ ही भविष्य में यदि इस प्रकार की पुनरावृत्ति होती है तो सम्बन्धित ठेकेदारों के विरुद्ध अनुबंध रद्द करने, जमानत राशि जब्त करने व ब्लैकलिस्ट किए जाने जैसी कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला प्रशासन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व पारदर्शिता को लेकर पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनुबंध उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा।

जैपुरिया स्कूल में प्रेम और उमंग के साथ मनाया गया मातृ दिवस

डीडीयू नगर चंदौली। आज दिनांक 10 मई 2025 को जैपुरिया स्कूल्स वाराणसी की पड़ाव शाखा में विद्यालय के श्री संगम सभागार में धूमधाम से मदर्स डे मातृका मनाया गया। आयोजन का आरंभ पदाधिकारी वृंद द्वारा मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सनातन धर्म में माता के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए कोई दिन विशेष नहीं है फिर भी मई माह के दूसरे रविवार को वैश्विक स्तर पर मां के समर्पण और प्रेम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मातृ दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में माता के हर रूप के प्रति सम्मान, हर व्यक्ति के जीवन एक सशक्त वास्तुकार के रूप में मां की भूमिका को नमन, मातृ बंधन एवम् मां और बच्चे के असीम स्नेह को उजागर करना था तथा विभिन्न आयोजित गतिविधियों द्वारा अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति था। किसी ने मां के लिए गुलदस्ता बनाया तो किसी ने कार्ड्स और पर्स बनाकर अपना प्रेम दिखाया। किसी ने मां की ममता को कविताओं, गीतों और स्लोगंस से शब्दों में पिरोया तो कोई मां की दी हुई सीख को साझा करता दिखा और कुछ ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर चीज बताया। जहां एक ओर प्री प्राइमरी के बच्चों ने अपनी माताओं का हाथ पकड़ शानदार रैंपवॉक किया वहीं दूसरी ओर कक्षा एक और दो के बच्चों ने अपनी-अपनी मां के साथ झूमते हुए समूह नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया। कक्षा पांच के बच्चों द्वारा संस्कृत गीत ,कक्षा सात की नेहल गुप्ता द्वारा एकल भरतनाट्यम नृत्य, जूनियर टॉरिंस बैंड द्वारा मधुर गीत प्यारी मम्मा की प्रस्तुति तथा कक्षा पांच से सात के बच्चों द्वारा अभिव्यंजक नृत्य की सराहनीय प्रस्तुति रही। वर्किंग मदर की भाग दौड़ भरी जिंदगी पर शिक्षिकाओं द्वारा स्किट का मंचन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में आमंत्रित माताओं को सादर सम्मानित किया गया। वे सभी इसे अविस्मरणीय पल बताते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही थीं। प्रबंध निदेशक श्री मनोज

बजाज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मां का ममत्व, स्नेह और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने माता पिता को ईश्वर का प्रतिबिंब बताते हुए बच्चों को इस सीख पर अमल करने के लिए कहा कि प्रातः उठकर अपने माता पिता के चरण स्पर्श अवश्य करने चाहिए इससे हमारे जीवन में सदैव ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार रहता है और हम जीवन की हर बाधा को पार करने में सक्षम होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आशीष सक्सेना ने तथा संचालन व धन्यवाद ज्ञापन तनुप्रिया पॉल व सिमरित कौर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक बजाज ,प्रबंध निदेशक श्री मनोज बजाज, निदेशक श्री श्यामसुंदर बजाज, निर्देशिका मंजू बुधिया, निदेशक गौरांग बजाज, प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना, कोऑर्डिनेटर शाजिया बदर, तूलिका जैन तथा राशि जैन सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

बदमाशों ने दो को मारी गोली, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

डीडीयू नगर चंदौली। यूपी-बिहार बोर्डर पर फायरिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने चंदौली निवासी दो युवकों को गोली मार दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। वहीं फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार असलहा लहराते हुए फरार हो गए।

घटना के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक तारकेश्वर पासवान (28)को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल कृष्णा पासवान (18)का इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही मौके परिजनों समेत लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में ले जाया गया। वहीं घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों युवक चंदौली के रहने वाले है। मृतक तारकेश्वर पासवान सैयदराज थाना क्षेत्र के भतीजा का रहने वाला है। जबकि घायल कृष्णा पासवान सादर कोतवाली क्षेत्र के झांसी का रहने वाला है।

घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही हैं। फिलहाल कानून व्यवस्था के मद्देनजर पोस्टमार्टम हाउस पर भारी फोर्स मौजूद है। इस बाबत चिकित्साधिकारी ने बताया कि मृतक तारकेश्वर को सिर व पेट में गोली लगी है। जबकि घायल कृष्णा को पैर व हाथ में लगी है।

दो दर्जन से अधिक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक पाए गए अनुपस्थित

चंदौली। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्दौली के नेतृत्व में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ विकास खण्ड शहाबगंज के 19 परिषदीय विद्यालयों (प्रा0वि0 अरारी, सावलसोत, खझरा, इसरगोडवा, सरैया, मनकपड़ा, सैदूपुर, कलानी, इलिया प्रथम, इलिया द्वितीय, अरजी कला, अताय, नौडिहाँ, बडगॉवा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खझरा, खरौझा और कम्पोजिट विद्यालय लटॉव, करनौल तियरा) का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें 04 प्रधानाध्यापक, 10

सहायक अध्यापक, 09 शिक्षा मित्र एवं 03 अनुदेशक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये।

अनुपस्थित अध्यापकों/शिक्षा मित्रों/अनुदेशकों का अनुपस्थित तिथि का वेतन/मानदेय अवरूद्ध करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के द्वारा विद्यालय में नवीन नामांकन बढ़ाने, डी0बी0टी0 पेंडेंसी खत्म करने, यू-डायस डाटा पूर्ण करने, एम0डी0एम0 गुणवत्ता व साफ-सफाई तथा छात्रों के निपुण बनाने सम्बन्धी निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अभिभावकों से भी बात-चीत की गयी।

जिलास्तरीय थाना समाधान दिवस का थाना सैयदराजा में आयोजन

चंदौली। थाना सैयदराजा में शनिवार को जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। शिकायतों के शीघ्र निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों की मौजूदगी से लोगों में विश्वास का माहौल देखने को मिला।

आरपीएफ-जीआरपी व कोतवाली की हुई समन्वय बैठक

सेना से संबंधित कोई खबर फोटो सोशल मीडिया में न दें

डीडीयू नगर चंदौली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल डीडीयू स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। इसी कड़ी में आरपीएफ, जीआरपी, मुगलसराय कोतवाली पुलिस की समन्वय बैठक हुई। इसके बाद सीओ मुगलसराय राजीव सिसौदिया की देख रेख में पूरे स्टेशन पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ नगर राजीव सिसौदिया, मुगलसराय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह डीडीयू स्टेशन पर पहुंचे। यहां आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत और जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के साथ बैठक कर स्टेशन के सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान स्टेशन परिसर और यार्ड में लगातार गश्त का निर्णय लिया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लेने

के साथ ही स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू करने पर सहमति बनाई गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारतीय सैनिकों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना से संबंधित कोई खबर, फोटो सोशल मीडिया में न चलाई जाय इसे गोपनीय रखा जाना आवश्यक है।सीमा पर युद्ध जैसा माहोल किसी संदिग्ध व्यक्तियों व सामानों की जानकारी पुलिस को दे। इस पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान सीओ के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने पूरे स्टेशन पर गश्त किया। क्लार्क रूम में तैनात रेलकर्मी को यात्री बैग, अटैची सहित अन्य सामान को रखते समय उसे खोलवा कर देखने का निर्देश दिया गया। वहीं मुख्य गेट पर लगेज स्कैनर पर तैनात कर्मी को प्रत्येक यात्रियों के सामान की तलाशी का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी रेलकर्मियों से हमेशा सावधान रहने का निर्देश दिया गया।

जिला जज और जिलाधिकारी ने लोक अदालत का उद्घाटन किया

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के तत्वावधान में यूनियन बैंक से संबंधित प्री-लिटिगेशन के मामलों के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।

लोक अदालत कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप जलाकर करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व जिला जज जयप्रकाश तिवारी

अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी एवं जिलाधिकारी के आदेश अनुपालन में कार्यालय अपर श्रमायुक्त, उ0प्र0, वाराणसी क्षेत्र, वाराणसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। धर्मेन्द्र कुमार सिंह, उप श्रमायुक्त, उ050, वाराणसी क्षेत्र, वाराणसी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से जनपद में कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923. वेतन भुगतान अधिनियम, 1936 न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों सहित 66 श्रम वादों का निस्तारण किया गया जिससे कुल 99 श्रमिक धनराशि रू0 1,67,79,871/- से लाभान्वित हुए।

काशी विद्यापीठ में पोखरण परमाणु दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष व्याख्यान आयोजित

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष में पोखरण परमाणु दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले पोखरण परमाणु परीक्षण पर एक फिल्म डिवीजन भारत सरकार द्वारा निर्मित चलचित्र प्रदर्शित की गई, जिसमें परमाणु परीक्षण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के अतुल्यनीय योगदान को दर्शाया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंचासीन मुख्य अतिथि प्रो अजय त्रिवेदी, प्रो संजय, प्रो वंदना सिन्हा व प्रो भावना वर्मा

व्याख्यान सत्र में मुख्य अतिथि प्रो अजय त्रिवेदी, समाज कार्य विभाग, रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली रहे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा पोखरण में परमाणु परीक्षण के योगदान पर विस्तृत चर्चा की। बताया कि तत्कालीन भू-राजनैतिक परिस्थितियों में परमाणु परीक्षण बहुत ही समीचीन था। डॉ होमी जहांगीर भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर की स्थापना के साथ परमाणु क्षमता और उसके विभिन्न क्षेत्रों- कृषि, चिकित्सा इत्यादि में योगदान पर विशेष प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो भावना वर्मा ने पोखरण में परमाणु परीक्षण को पोखरण दिवस के रूप में मनाने की बात पर विस्तार से चर्चा की। पोखरण परमाणु परीक्षण के कारण ही भारत परमाणु संपन्न देश हुआ है। परमाणु हथियार का प्रयोग हम शांति के लिए करते हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रो संजय ने पोखरण परमाणु परीक्षण के सकारात्मक उपयोगों पर प्रकाश डाला। संचालन सह-संयोजक प्रो अनिल कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रो. वंदना सिन्हा, प्रो शैला परवीन, प्रो. बंशीधर पांडेय, डा. संदीप गिरी, डा. अनिल, डा. भारती कुरील, डा. अश्वनी एवं डा. आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

आईआईटीटी बीएचयू में ऑनलाइन पिच डेक मूल्यांकन सत्र हुआ आयोजित

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। आईआईटीटी बीएचयू स्थित I-3 फाउंडेशन की पहल ज्वाइंट इनक्यूबेशन सेंटर (JIC) द्वारा नौ मई को एक ऑनलाइन पिच डेक मूल्यांकन सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के विभिन्न विभागों से आए 13 संकाय सदस्यों को अपनी नवाचारी अवधारणाओं एवं समाधान प्रस्तुत करने हेतु एक समर्पित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रस्तुत प्रस्ताव चार रणनीतिक क्षेत्रों में विभाजित थे। नवीकरणीय ऊर्जा एवं स्थिरता।स्वास्थ्य देखभाल एवं चिकित्सा प्रौद्योगिकी।कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उन्नत प्रौद्योगिकियाँ रक्षा एवं आपदा प्रबंधन।इस मूल्यांकन का उद्देश्य इन संकाय-संचालित परियोजनाओं की नवाचार तत्परता और बाजार की संभावनाओं का मूल्यांकन करना था, ताकि उपयुक्त तकनीकों को आगे विकसित करने और लागू करने के लिए चयनित किया जा सके। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपना पिच डेक एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ पैनल के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें शामिल थे एम. सुब्रमणियन, मुख्य विपणन अधिकारी, GDC, IIT मद्रास आनंद के. वी., मुख्य नवाचार अधिकारी, GDC, IIT मद्रास कुमार सिद्धार्थ, वैभव सिंह, प्रशांत मिश्रा एवं सुधांशु मित्तल, सभी IIT (BHU) के पूर्व छात्र और सफल उद्यमी। इस कार्यक्रम की मेज़बानी प्रो एम. के. मेश्राम, समन्वयक, JIC एवं प्रोफेसर-इन-चार्ज, उद्यमिता एवं नवाचार, IIT (BHU) वाराणसी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में संकाय-संचालित नवाचारों की राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान में भूमिका और अकादमिक वातावरण में उद्यमशीलता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की महत्ता को रेखांकित किया।

मूल्यांकन के उपरांत, चयनित प्रस्तावों को ज्वाइंट इनक्यूबेशन सेंटर से अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें प्रोटोटाइप विकास, सत्यापन तथा संभावित व्यावसायीकरण के लिए समर्थन प्राप्त हो सकेगा। यह पहल JIC की उस सतत रणनीति का हिस्सा है जिसके माध्यम से IIT (BHU) में एक सशक्त नवाचार पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है, जो अंत:विषय सहयोग एवं अनुसंधान-आधारित उद्यमशीलता के माध्यम से सामाजिक एवं बाजार आधारित प्रभाव सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर है।

एम.ए मनोविज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर के अप्लाइड सोशल साइकोलॉजी की परीक्षा 13 मई को

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। मनोविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की अप्लाइड सोशल साइकोलॉजी की परीक्षा 13 मई को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 10 से 11 बजे तक मनोविज्ञान विभाग के कक्ष संख्या 02 (लाइब्रेरी) में होगी।

काशी विद्यापीठ योग के विद्यार्थियों ने योगासन प्रतियोगिता में जीता तीन स्वर्ण व चार रजत पदक

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। दर्शनशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में संचालित एम.ए. योग के छात्र-छात्राओं ने महादेव पी.जी. कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वर्गों के आसन प्रतियोगिता में 03 गोल्ड, 04 सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

काशी विद्यापीठ के पदक विजेता छात्र को बधाई देते कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक गण रहे मौजूद

प्रतियोगिता में दिशा सिंह, तारा वर्मा, खुशबू सरोज, मिनी प्रजापति, पूजा मौर्या, सोनाली मौर्या ने पदक प्राप्त किया।वहीं, श्री हनुमान पोद्दार अंध विद्यालय, वाराणसी में आयोजित जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता- 2025 में एम.ए. योग के श्रीधर सिंह, जयन्त मौर्या ने ट्रेडिशनल और रिदमिक में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सौरभ चौधरी, रेनू चौहान, तारा वर्मा, खुशबू सरोज, पूजा मौर्या, दिशा सिंह एवं सोनाली मौर्या ने प्रतिभाग किया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने निधन पर जताया दुख, व्यक्त की संवेदना

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई) ने शनिवार को खबर जारी कर बताया कि पचौरी बड़ागांव निवासी गोरखनाथ पटेल के पिताजी का अकस्मात निधन हो जाने की सूचना पर परिवार के लोगों को वह सांत्वना देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार जनों से कहा कि दुख व संकट की इस घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं।इस दौरान उनके साथ प्रकाश सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजूराम, अशोक कुमार सिंह एवं सुरेंद्र राजभर उपस्थित थे।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल कार्यकर्ताओं संग मृतक के परिवारजनों से अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए

एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में होगा युवा टाउनहॉल का आयोजन : प्रदीप अग्रहरि

- मुख्य अतिथि होंगे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, अध्यक्षता करेंगे कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा

भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर युवा टाउनहॉल का आयोजन 11 मई को पूर्वान्ह 11 बजे रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। यह जानकारी भाजपा, वाराणसी, महानगर के अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने शनिवार को देते हुए बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर पूरे देश में लोंगो के बीच जनजागरण की दृष्टि से पार्टी द्वारा चलाये गए अभियान के तहत युवा टाउनहॉल का आयोजन 11 मई, रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में किया गया है जिसमें बडी संख्या में युवा छात्र, युवा उद्यमी, युवा खिलाडी, युवा अधिवक्ता आदि मुख्य रुप से भाग लेंगे।बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में पद्मविभूषण प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा करेंगे। यह जानकारी काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने दी।

संपूर्णानंद विश्वविद्यालय द्वारा शांतिपूर्ण वातावरण निर्मित करने के लिए करायी जा रही देव पूजा

तरुणमित्र न्यूज

वाराणासी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा के निर्देश पर विश्वविद्यालय शांति पाठ, विजय अनुष्ठान और विजय यज्ञ जैसे कार्यक्रम विभिन्न विभागों के द्वारा आयोजित किए जा रहे है,। प्रतिदिन चलने वाले कार्यक्रम मे अपने अपने संबद्ध संस्कृत महाविद्यालयों में भी आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। भारतीय सैनिकों के स्वस्थ, दीर्घायु और कुशलता पूर्वक युद्ध कर विजय प्राप्त करने के लिए संकल्पित पाठ भी कराया जा रहा है। जिससे भारत-पाकिस्तान युद्ध में शांतिपूर्ण वातावरण का निर्माण हो।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

सुजानगंज। क्षेत्र के उमरपुर गांव के पास शनिवार की सुबह एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौकेपर ही मौत हो गई। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुटहन थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी करन (21) पुत्र फुली कन्नौजिया शनिवार की सुबह सराय बीका से सुजानगंज की तरफ बाइक से आ रहे थे। उमरपुर गांव के पास पीछे से आ रही गिट्टी लदी ट्रक ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। युवक किसी शादी से वीडियो रिकॉर्डिंग करके लौट रहा था। युवक दो भाइयों में बड़ा था और कैमरामैन था। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को भी कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

थाना समाधान दिवस पर आई दो शिकायतें

महराजगंज। थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडे ने फरियादियों की समस्याओं को सुना थाना समाधान दिवस पर कुल दो शिकायतें आयीं। मौके पर निस्तारण के लिए टीमें गठित कर दी गई वहीं थाना प्रभारी ने पारदर्शितापूर्ण समस्याओं के निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिये। इस मौके पर बहुत से लोग मौजूद रहे।

सेना के शौर्य एवं पराक्रम को स्कूल के बच्चे एवं समस्त शिक्षकगण ने दिया सलामी

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। क्षेत्र के छितौना स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रात: भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम एवं धैर्य को हमारी आन बान शान तिरंगे के नीचे सलामी देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें स्कूल के समस्त छात्र छात्राओं ने एकत्र होकर मेरी जान तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है गाने पर तिरंगे को लहराते हुए सलामी देकर भारत माता की जय एवं जय हिंद जय भारत के जयघोष लगाये।

इस अवसर पर नन्हे मुन्हें बच्चों के अन्दर देशभक्ति की भावना देखते बन रही थी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक बृजेश कुमार जायसवाल,पंकज मौर्य, राहुल यादव, प्रशांत शुक्ला, शिवम् शुक्ला, दिव्यांशु गुप्ता, किशन गुप्ता, सौभाग्य जायसवाल, मंजुला पाण्डेय, अंजली सिंह, शिखा सिंह, किरन पाल, पूजा यादव, नूर फात्मा, मीना मौर्या, नेहा सेठ, अंतिमा यादव, पूजा यादव, रेनू यादव समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

तिरंगें को सलामी देते शिक्षकों के साथ बच्चे।

कोर्ट में हाजिर न होने पर पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचा

खेतासराय। कोर्ट से फरार चल रहे तीन वारंटियों को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी वारंटी को लिखापढ़ी के बाद कोर्ट में पेश कर दिया है।

खेतासराय क्षेत्र से तीन लोग लंबे समय से कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पा रहे थे। कोर्ट ने आरोपियों के वारंट जारी कर पुलिस को गिरफ्तारी के आदेश दिए। पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के अनुसार आरोपियों के नाम धीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 दिनेश चन्द निवासी गोलबाजार व अब्दुल कादिर उर्फ झिनकू पुत्र नसरुल्लाह निवासी बाराकला और जयनारायण यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी मनेछा बताए गए है। पुलिस ने सभी आरोपियों को लिखापढ़ी के बाद कोर्ट में पेश कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उप निरीक्षक अनिल कुमार पाठक, रविन्द्रनाथ तिवारी, हेड कांस्टेबल संजय पाण्डेय, अम्बिका यादव, राजकुमार यादव, राकेश यादव, कांस्टेबल हरखनाथ यादव।

टीएमटी करायें, हृदय रोग से बचायें : डा. वीएस उपाध्याय

जौनपुर। सभी 50 वर्ष के उपर के व्यक्तियों तथा विशेष रुप से शुगर के मरीजों को अपने हार्ट की जानकारी हेतु टीएमटी अवश्य कराने और मेडिटेरियन भोजन तथा प्रत्येक भारतीय को अपने घर में जिम बनाने के लिए निर्णय लिया गया।

जैसा कि विदित है कि चार मई को होटल रिवर व्यू में एक मेडिकल प्रैक्टिसनर सोसाइटी के माध्यम से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद की स्वास्थ मुखिया डा. लक्ष्मी सिंह, सीएमओ वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एमएम श्रीवास्तव व वरिष्ठ फिजिशियन डा. ज्ञान प्रकाश सिंह के साथ जनपद के करीब 200 डाक्टर भाग लिये। इसमे डा. वीएस उपाध्याय वरिष्ठ डायविटो कार्डियोलाजिस्ट आशादीप हास्पिटल की तरफ से डायबिटिज कार्डियो रीनल रोग पर विशेष व्याख्यानमाला 1.30 घंटे तक दिया। इस व्यख्यानमाला के अनुसार देश में 30 करोड़ लोग डायविटिज रोग से ग्रसित हो रहे हैं और हृदय रोग व किडनी के रोगी समय के हिसाब से बढ़ते जा रहे है। उपरोक्त रोगों के बचाव हेतु कई निर्णय लिये गये।

गोष्ठी में भाग लेती सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह, डा. मनमोहन श्रीवास्तव व प्रख्यात चिकित्सक डा. वीएस उपाध्याय समेत अन्य।

1. 1.50 वर्ष के उपर प्रत्येक व्यक्ति को विशेष रुप से शुगर के मरीजों को हार्ट अटैक के बचाव हेतु जानकारी के लिये पहले टीएमटी अवश्य कराये।
2. घर मे जैसे प्रत्येक कार्यो के लिये कमरे होते है उसी प्रकार से जिम हेतु एक कमरा का प्रयोग करें तथा रेगूलर एक्सरसाईज पूरा परिवार करें।
3. मेडिटेरियन भोजन जैसे साग-सब्जी, अखरोट. सोयाबिन, कद्दू को प्रयोग करें।
4. सप्ताह में एक दिन व्रत रखें या सूक्ष्म भोजन लें। ज्यादा मोटे लोग शाम के वक्त केवल सब्जियों का सूप बनाकर पियें। भोजन शाम को न करें।
5. हमें भारत में होली एव दीपावली के त्योहार पर मिठाई का गिफट न लेना चहिये एवं न देना चाहिये बल्कि अपने मित्रों को शुगर की मशीन व ब्लड प्रेशर की मशीनों को गिफट करना चाहिये।

उपरोक्त बातों को अपनी जीवनशैली में प्रयोग करें और 100 वर्षो के जीने का मानक पूरा करें।

कायस्थ महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

जौनपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक होटल क्लब गेस्टो, गोमती नगर विस्तार लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव कोलकाता पश्चिम बंगाल ने किया संचालन राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, निवासी ने किया। बैठक की सुरवात सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त की आरती पूजन दीप प्रज्वलन से हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ महासभा 7235 भारत संगठन का विस्तार तेज़ी से पूरे देश में हों रहा है और समाज हित में कार्य करने वाले लोग तेज़ी से जुड़ रहे है और कहा कि इस महासभा में कोइ सदस्यता शुल्क नहीं है कायस्थ को कायस्थ से जोड़ने के लिए शुल्क की क्या जरूरत है और कहा कि जल्दी ही प्रयागराज में और कोलकाता में कायस्थ महासभा 7235 भारत का एक राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाया जाएगा जिसमे देशभर के हजारों कायस्थ समाज महासभा के लोग शामिल होंगे। कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय दिनेश खरे ने कहा कि आज कायस्थ समाज को राजनीत में सक्रिय होने की जरुरत है तभी कायस्थ समाज का कल्याण होगा। और कहा कि भारत सरकार जातीय जनगणना कराने का उद्देश्य जो भी हो लेकिन समस्त प्राणियों के कर्मो के लेखा जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त जिनके बारह अंश है जो कि विभिन्न उपजाति से अपना संबोधन करते है अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति को बढ़ाने के लिए उपजाति का संबोधन ना कर सिर्फ कायस्थ शब्द प्रयोग करें। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर प्रदेश ने कहा कि कायस्थ महासभा देश की सेना और मोदी सरकार के साथ है जिन्होनें विश्व में भारत माता का सम्मान बढ़ाया।

जरुरत पड़ने पर देशभर के कायस्थ समाज के लोग रक्तदान महादान के लिए तैयार हैं और कायस्थ समाज हमेशा देश सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है। आए हुए अतिथियों का सम्मान कायस्थ महासभा लखनऊ के जिला अध्यक्ष पुनीत श्रीवास्तव ने किया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव सोनू ने संगठन का प्रस्तावना प्रस्ताव रखा। बैठक में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विवेक श्रीवास्तव, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट हाईकोर्ट मुम्बई, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव रिंकू भईया, राष्ट्रीय सचिव अवनीश श्रीवास्तव पत्रकार लखनऊ, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन भास्कर, प्रयागराज जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा, वरिष्ठ नेता आर पी श्रीवास्तव सहित कई राज्यों के लोग शामिल हुए।

खजुरहट गांव की सड़कों की पटरियों पर अतिक्रमण बदस्तूर जारी

सड़कों, चकमार्गो की पटरियों पर कब्जे को लेकर आवागमन बाधित

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। स्थानीय विकास खंड के खजुरहट, जुड़ऊपुर, परसूपुर आदि सड़कों की पटरियों अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। सड़कों, चकमार्गों पर कब्जे को लेकर आवागमन बाधित रहता है। आए दिन विवाद की स्थिति पैदा होती रहती है। शिकायतों के बाद भी तहसील प्रशासन चुप्पी साधे है।

बताया जाता है कि जौनपुर रायबरेली हाईवे से जुड़ा खजुरहट, जुड़ऊपुर, परसूपुर मार्ग की खजुरहट गांव में प्रधानमंत्री एवं दीनदयाल योजना से बनी दो किमी पक्की सड़क की पटरियों पर बगल बसे ग्रामीण अवैध निर्माण कर, उपली पाथना शुरू कर दिए और उपले रखकर कब्जा जमा लिए हैं।इसके साथ ही पटरियों पर ही पुआल,ईंट रखकर कब्जा कर चुके हैं। कुछ ग्रामीण तो पटरियों पर ही अरहर आदि की खेती करते हैं।पटरियों पर रखे उपले आदि की किसी वाहन से क्षति हुई नहीं कि अतिक्रमणकारी मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। सड़क की पटरियों पर गुमटी रखकर कुछ लोग दुकान भी खोल लिए हैं, ग्राहक के सड़क पर बैठे और खड़े रहने से आए दिन वाहनों द्वारा छोटी मोटी दुर्घटना होने पर गाली गलौज और मारपीट होना आम बात हो गई है। सड़के और सड़क की पटरियां अतिक्रमण के कारण दिन प्रतिदिन सकरी होती जा रही हैं। जबकि इस मार्ग से सुबह से लेकर शाम तक अनगिनत स्कूली बसों ,चार पहिया दो पहिया वाहनों, ट्रैक्टर, प्राइवेट वाहनों का आवागमन होता रहता है। स्थानीय ग्रामीण सड़कों की पटरियों पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत स्थानीय लोगों ने आई जी आर एस पोर्टल, जिला और स्थानीय प्रशासन से भी कई बार किया लेकिन आज तक हल्का लेखपाल के रहमोकरम से अतिक्रमण करियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही अतिक्रमण हटा। जिसके कारण लोगों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और अतिक्रमण बदस्तूर जारी है।

खजुरहट गांव में पक्की सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण

जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार गिरफ्तार

खेतासराय। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरोपरशुरामपुर में पैतृक जमीन के बंटवारे व रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार, अहिरोपरशुरामपुर निवासी इन्द्रसेन पुत्र ललई, इन्द्रकला पत्नी इन्द्रसेन और उग्रसेन पुत्र ललई, नीलम पत्नी उग्रसेन के बीच शनिवार को पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद ने देखते ही देखते गाली-गलौच और मारपीट का रूप ले लिया।

सूचना पर तत्काल एसआई कपिलदेव व हेड कांस्टेबल राकेश यादव, महिला हेड कांस्टेबल रीना देवी, कांस्टेबल मौके पर पहुंचकर विवाद कर रहे इन्द्रसेन, इन्द्रकला और उग्रसेन, नीलम को हिरासत में लेकर थाने लाई। पुलिस ने चारों के विरुद्ध शांति भंग की धारा में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि दो पक्षों में हुई कहासूनी पर मौक़े पर पहुंचकर पुलिस ने हालात पर काबू लिया। दोनों तरफ़ से चार लोगों पर क़ानूनी कार्यवाही की गई है।

शादी में आये युवक की बाइक चोरी

थानागद्दी। केराकत कोतवाली क्षेत्र के निहालापुर गांव में शादी मे समल्लित होने आये युवक की शुक्रवार की रात बाइक चोरी हों गयी। गोविन्द कुमार यादव ने थानागद्दी चौकी प्रभारी आशुतोष गुप्ता को तहरीर देकर सुचना दिया कि नाऊपुर गाँव के पुरवा नान्हूपुर मे महाबल यादव के घर शादी मे समल्लित होने आया था। रात मे देखा तो बाइक चोरी हों गयी थी। पीड़ित ने पुलिस ने न्याय कि गुहार लगाई।

संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

थानागद्दी। केराकत कोतवाली क्षेत्र के मई पहाड़ीपट्टी गांव में शनिवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत ही गयी। भाई की सुचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। गांव रामपुर थाना केराकत निवासी अखिलेश प्रजापति ने पुलिस को सुचना दिया की मेरे बहन सोनी प्रजापति का विवाह चार साल पहले मई पहाड़ीपट्टी गांव निवासी संजय प्रजापति पुत्र लौटू प्रजापति के साथ हुआ था। जिसका शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति मे मौत हों गयी। सूचना पाकर थानागद्दी पुलिस चौकी प्रभारी आशुतोष गुप्ता अपने हमरहियो संग मौके पर पहुचे गये शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 44967 मामलों का हुआ निस्तारण

40382750 रुपये का जमा कराया गया समझौता राशि

दीप प्रज्जवलित का राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार चतुर्थ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उक्त लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 44967 मामलों का निस्तारण करते हुए 40382750 रुपये का समझौता राशि जमा कराया गया। वही इसमें कुल 1935400 रु0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी हुआ। उक्त लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ ने 02 आर्बिट्रेशन मामलों का निस्तारण किया।

पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर चंद्रगुप्त द्वारा कुल 44 मामलों का निस्तारण करते हुए रु0-5845000 की क्षतिपूर्ति दिलायी गयी। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मो. रिजवानुल हक ने 37 वादों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश, एस.सी./एस.टी.,श्री हरेन्द्र प्रसाद द्वारा कुल 02 मामलों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनार्दन प्रसाद यादव द्वारा 16 मामलों का निस्तारण करते हुए 9000 रु0 का अर्थदंड जमा कराया, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. राजीव कुमार वत्स ने 205 विद्युत मामलों का निस्तारण किया। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा0 कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा 3471 मामलों का निस्तारण करते हुए 501260 रु0 का अर्थदंड जमा कराया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन श्रीमती नसेहा वसीम ने 04 मामलों का निस्तारण किया सिविल जज सीनियर डिवीजन एफ.टी.सी सिद्धार्थ चर्तुवेदी द्वारा 107 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सीनियर डिविजन ए.सी.जे.एम. श्रीमती साक्षी सिंह ने 101 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जू0डि0 सदर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने 42 मामलों का निस्तारण किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका आजाद ने 515 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जू0डि0 मुहम्मदाबाद गोहना श्रीमती अक्षिता सिंह ने 20 मामलों का निस्तारण किया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय, मधुबन अमरनाथ ने 31 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जूनियर डिवीजन, महिलाओं के विरुद्ध अपराध सुश्री काजल श्रीवास्तव ने 03 मामलों का निस्तारण किया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश चन्द राय ने 19 मामलों का निस्तारण किया। वही अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अच्छेलाल गुप्ता ने 01 मामलों का निस्तारण किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न बैंकों एवं बी0एस0एन0एल द्वारा कुल 690 मामलों में निस्तारण किया एवं रु 25549297 बकाया राशि प्राप्त की। राजस्व विभाग द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 38939 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किया गया। श्रम विभाग एवं मनरेगा द्वारा. 422 मामलों का निस्तारण किया एवं नगर पालिका द्वारा 151 मामलों का निस्तारित किये गये। विद्युत विभाग द्वारा प्री-लिटीगेशन स्तर पर कुल 138 मामलों का निस्तारण किया गया। बाट माप विभाग द्वारा 11 मामले निस्तारित किए गए।

सीएम डैशबोर्ड आधारित प्रदेश स्तरीय ओवरऑल रैंकिंग में जनपद का पांचवा स्थान

मार्च माह के ओवरऑल रैंकिंग में था 23वां तथा विकास कार्यों में जिले को मिला 11वां स्थान

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों तथा राजस्व कार्यों में गुणात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। इस संबंध में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित राजस्व एवं विकास कार्यों की ओवरऑल रैंकिंग में अप्रैल महीने की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में जनपद मऊ ने पांचवा स्थान प्राप्त किया।

ज्ञातव्य है कि मार्च महीने की प्रदेश स्तरीय जारी ओवर ऑल रैंकिंग में जनपद मऊ ने 23वां स्थान हासिल किया था। ओवरऑल रैंकिंग हेतु कुल प्रभावी 10 अंकों में से जनपद मऊ ने 8.87 अंक प्राप्त किया जो कुल का 88.70 प्रतिशत है। इसी प्रकार सीएम डैशबोर्ड पर ही आधारित विकास कार्यों की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में जनपद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मार्च महीने में विकास कार्यों में जनपद का 11वां स्थान था। सीएम डैशबोर्ड आधारित विकास कार्यों की रैंकिंग हेतु निर्धारित 10 अंकों में से जनपद मऊ ने 9.31 अंक प्राप्त किया जो कुल का 93.10 प्रतिशत है। इस प्रकार मार्च महीने के सापेक्ष अप्रैल महीने की जारी रैंकिंग में गुणात्मक सुधार देखने को मिला है। इसका पूरा श्रेय जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभाग के अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को दिया है।

उन्होंने जनपद को दोनों रैंकिंग में टॉप फाइव में शामिल करने पर समस्त अधिकारियों को बधाई देते हुए लगातार बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिए, जिससे जनपद में राजस्व एवं विकास कार्यों में बेहतर परिणाम देखने को मिले। इस संबंध में अवगत कराना है कि फरवरी एवं मार्च महीना में जनपद की रैंकिंग अपेक्षाकृत अच्छी नहीं थी, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए समस्त विभागों एवं राजस्व विभाग के कार्यों की अनवरत साप्ताहिक समीक्षा करनी शुरू की।

इसके अलावा राजस्व कार्यों में समय सीमा के निर्धारण का अनुपालन सुनिश्चित कराया तथा कई प्रकरणों में स्थलीय परीक्षण उपरांत तत्काल कार्रवाई की गई। न्यायालय में लंबित वादों के निस्तारण हेतु बेहतर रणनीति अपनाने तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से वादों का निस्तारण का कार्य किया गया। सीएम डैशबोर्ड आधारित राजस्व कार्यों में कुल 58 बिंदुओं पर अंक प्रदान किए जाते हैं, जिसमें एक बिंदु जनसुनवाई का भी होता है। ज्ञातव्य है कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की रैंकिंग में इस माह बेहतर सुधार हुआ था,जिसके फल स्वरूप राजस्व कार्यों की रैंकिंग जो कि मार्च महीने में 41 थी, अप्रैल महीने में 27 हो गई।

विकास कार्यों में भी नियमित समीक्षा के उपरांत बेहतर परिणाम देखने को मिले,जिसके कारण रैंकिंग में सुधार हुआ। सीएम डैशबोर्ड आधारित विकास कार्यों में मार्च माह की रैंकिंग में जनपद मऊ का 11वां स्थान था, जो कि अप्रैल माह में रैंकिंग 3 हो गई।

पुलिस चौकी ढ़ढ़वल पटराव के कायाकल्प एवं बाउंड्रीवाल का एसपी ने किया शिलान्यास

सीएचसी के सामने बने पुलिस बूथ को इलामारन जी ने किया उद्घाटन

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र कि पुलिस चौकी ढ़ढ़वल पटराव की कायाकल्प एवं बाउंड्रीवाल का शिलान्यास शनिवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने किया। पूरी प्रक्रिया वैदिक मन्त्रों के बीच संपन्न हुई। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक ने फतहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बने पुलिस बूथ का उद्घाटन भी किया। उस के बाद रामपुर थाना पहुंचे और सभी अभिलेखों का निरीक्षण किया। रामपुर थाना पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने रामपुर गाँव में बन रहे नवनिर्मित थाने भवन का निरिक्षण किया। कार्य की प्रगति पर संतोष जताया और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार से आवश्यक जानकारी लिया। निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्वक एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर पुरा करने को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक के दौरे को लेकर मधुबन मधुबन एवं रामपुर दोनों थाना की पुलिस अलर्ट मोड में दिखी।

इस दौरान क्षेत्राधिकार अभय कुमार सिंह रामपुर थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, ढढवल चौकी इचार्ज मोहन प्रसाद, डा.वकार अहमद, डा.नासिर अली, डा. अंकित श्रीवास्तव, डा. नेयाज, ग्राम प्रधान फतेहपुर मंडाव जगदीश राजभर, ग्राम प्रधान मोहीद्दीनपुर सुनिल, ग्राम प्रधान ढ़ढ़वल आनंद मौर्य, गुफरान अहमद, जिशान जिला पंचायत सदस्य रोहित गौतम आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विचार विमर्श संगोष्ठी आज

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विचार विमर्श संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया जाना है। इसकी जानकारी आयोजन समिति द्वारा शनिवार को दी गयी। बताया गया कि 11 मई को एस आर प्लाजा भुजौटी में आयोजित होना है। इस बावत आयोजन समिति की बैठक कृष्णानंद राय जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के आवास पर हुई जिसमें तैयारी की समीक्षा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार राय, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, प्रदेश के बेसिक शिक्षा संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय, संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल योगेंद्र कुमार सिंह, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ मनोज कुमार मिश्र एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय है। कार्यक्रम में जनपद की बेसिक शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने एवं नामांकन बढ़ाने के उपायों पर विचार विमर्श होगा। साथ ही साथ पूरे जिले के 100 से अधिक सेवानिवृत शिक्षकों का भी सम्मान होगा। शिक्षकों से अपील किया गया की कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अतिथि अधिकारियों के विचारों से लाभ उठाकर अपने विद्यालयों को और बेहतर बनावे। बैठक में प्रवीण कुमार राय, सुरेंद्रनाथ यादव, राशिद जमाल, डॉक्टर शाहनवाज, घनश्याम यादव, जगमोहन सिंह, मनोज कुमार पांडे, रमाशंकर सिंह, धीरेंद्र कुमार राय, शशि भूषण राय आदि उपस्थित रहे।

सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 पिपरा उसुरी में शनिवार को सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के पहले भक्ति गीतों के बीच गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा दोहरीघाट से जल लेकर मंगल गीतों के बीच महिलाएं सर पर मंत्र पूजित कलश रखकर यात्रा में शामिल हुईं।

कस्बा के शिव मंदिर होते हुए समूचे नगर पंचायत का भ्रमण कर कथा स्थल पहुची और नवग्रह पूजा हुआ, जहां मुख्य यजमान सुशील पाण्डेय ने पत्नी आरती पाण्डेय संग वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की। कथाव्यास डॉ.नारायण तिवारी ने विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाया। इसके बाद यात्रा कथा स्थल पर वापस आ गई। पहले दिन कथाव्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन के उद्देश्य व दिशा बताती है। जहां भी कथा होती हो, वहां लोगों को अवश्य पहुंचना चाहिए। कथा सुनने की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब मनुष्य अपने जीवन में प्रभु के बताए रास्ते पर चले। इस अवसर पर जय प्रकाश पाण्डेय,सुनील पाण्डेय,संजय पाण्डेय, भैरोनाथ पाण्डेय, यज्ञदत्त पाण्डेय,रजनीश पाण्डेय, आदित्य, रूद्रांश पाण्डेय, गौरव, धनंजय पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

भारत सरकार विधि मंत्रालय नई दिल्ली में

□ *नोटेरी अधिवक्ता नियुक्त हुए अतुल कुमार गुप्त*

तरुणमित्र न्यूज

अतुल कुमार गुप्त।

मऊ। जनपद के कोपागंज नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार गुप्त को विधि मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा आधिकारिक नोटेरी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। श्री गुप्त के नियुक्ति से क्षेत्र में तथा उनके शुभ चिंतकों में हर्ष व्याप्त है। विदित है कि अतुल कुमार गुप्त कोपागंज नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व महामंत्री, जनपद अभिभाषक संघ श्री झारखण्डेय प्रसाद गुप्त के सुपुत्र हैं।

उन्होने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा बापू इंटर कॉलेज, कोपागंज, मऊ से ग्रहण किया उन्होंने उच्च शिक्षा आजमगढ़ और वाराणसी से पूर्ण किया। जनपद के समस्त वरिष्ठ अधिवक्ताओं, नगर व्यापार मंडल और नगरवासियों ने अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद अतुल कुमार गुप्त को दी और अपनी खुशी जाहिर किया।

साईं कालेज व इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले सम्मानित हुये विद्यार्थियों संग संयुक्त सचिव वेदप्रकाश राय।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। नगर के बलिया मोड़ सिकटिया स्थित साईं कालेज ऑफ फार्मेसी के सभागार में शनिवार को बी.फार्म के टापर छात्र व छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव वेदप्रकाश राय द्वारा साईं कालेज व इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज के टापर विद्यार्थियों को ट्राफी प्रदान किया गया।

इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज से चौथे वर्ष के समेस्टर परीक्षा में विजय कुमार गुप्ता प्रथम, आमीर सोहेल द्वितीय व सविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साईं कालेज व इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज से तीसरे वर्ष के समेस्टर परीक्षा में भास्कर त्रिपाठी प्रथम, रोशन चौहान द्वितीय व आरूसी गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कालेज का मान बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि वेदप्रकाश राय ने टाप करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के साथ आगे भी इसी तरह के परिणाम प्राप्त करने की कामना की। कहा मेधावी छात्र जहां अपने जीवन को संवारता है वहीं उसके पीछे चलने वाले छात्र उनका अनुसरण कर वे भी आगे की दौड़ में अपने को शामिल करने हेतु प्रयासित होते हैं।

इन्दु प्रकाश फार्मेसी व साईं कालेज आफ फार्मेसी के चेयरमैन मनीष राय ने कालेज के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देते हुए उनको ऐसे ही आगे बढने की कामना की। कालेज के प्रबंधक अखिलेश राय ने टापर विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा.अजय कुमार, असजद कमाल व अध्यापकगण अविनास पाण्डेय, शिवम सुशील, अखिलेश सिंह चौहान, अजय सिंह, मुदस्सीर शमीम, चन्द्रशेखर चौहान, रामप्रकाश व विवेक पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव, अंकिता सिंह, जुही गुप्ता, आकांक्षा राव, विजय मौर्या सहित कालेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सूचना- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2113213 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2022, अनुक्रमांक 2226566479 प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। दीपक यादव पुत्र शैलेश यादव, ग्राम- हकीकतपुर, मंगापुर, पोस्ट- मऊनाथ भंजन, जनपद-मऊ (उ.प्र.) 275101 ।

सूचना- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3224593 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। जयचन्द कुमार पुत्र रामबली राम, ग्राम- कसारी, पोस्ट- खुरहट, जनपद-मऊ (उ.प्र.) 276403।

तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न

मामले का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं सत्यता पूर्वक करने के निर्देश दिए

समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्या सुनते तहसीलदार।

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार अजीत कुमार सिंह ने पीड़ितों की समस्या सुना तथा मामले का निस्तारण गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर 20 प्रार्थना पत्रों में से एक मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर कमालुद्दीन पुत्र अतिउल्लाह एवं इजहार पुत्र तालिब ने प्रार्थना पत्र में इस बात का जिक्र किया कि हमारे आराजी नंबर पर कुछ लोग जबरदस्ती निर्माण कर रहे हैं जिस पर तहसीलदार ने मौके पर राजस्व विभाग की टीम को भेज कर मामले का निस्तारण कराया एवं अन्य मामलों को संबंधित विभाग को भेज कर गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक निश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कोतवाल रविंद्रनाथ राय क्राइम इंस्पेक्टर ओपी यादव उप निरीक्षक लाल साहब गौतम सरफराज खान अरविंद कुमार यादव राजस्व निरीक्षक संजीव पांडे प्रकाश सिंह आदि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

- चेतक घुड़दौड़ प्रतियोगिता में 55 घोड़ों ने किया शानदार प्रदर्शन
- निखिल राय के चेतक ने घुड़दौड़ प्रतियोगिता में हासिल की प्रथम स्थान
- विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्राफी के साथ दिए गए आकर्षक उपहार
- महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर घुड़सवारों को दिखाई गई झंडी

घुड़दौड़ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी को उपहार देते जिला पंचायत अध्यक्ष।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। कोपागंज विकास खंड के इंदारा गांव में शुक्रवार की शाम महाराणा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर हर साल की भांती इस वर्ष भी महाराणा प्रताप चेतक घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों से आये कुल 55 घोड़ा ने इस घुड़दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मऊ जिले निखिल राय के घोड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

शुक्रवार की शाम आयोजित महाराणा प्रताप चेतक घुड़दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता अशोक सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने महाराणा प्रताप के प्रतिमा का पट खोलकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर घुड़सवारों को झंडी दिखाई। प्रतियोगिता में बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर, गोरखपुर, देवरिया, बिहार आदि जनपदों के 55 घुड़सवारों ने अपने घोड़ों के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन भागों में बांटा गया जिसमें दो दाँत,नाकंद, पट्टा घोड़ों का दौड़ हुआ। इस प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारों की भीड़ मौजूद रही। कुल पांच चक्र की प्रतियोगिता चली। नाकंद घुड़दौड़ प्रतियोगिता में निखिल राय मऊ (डान वास्को स्कूल) का घोड़ा प्रथम व शिवम् राय (नरही बलिया) का घोड़ा दूसरे स्थान पर रहा, घुड़दौड़ प्रतियोगिता में (लिटिल फ्लावर स्कूल मऊ) का घोड़ा प्रथम व टुनटुन यादव (बड़ा गांव मऊ) का घोड़ा दूसरे स्थान पर रहा। पट्टा घोड़दौड़ प्रतियोगिता में अजय सिंह (बक्सर बिहार) का घोड़ा प्रथम स्थान व रणजीत सिंह गड़वार बलिया का घोड़ा दूसरा स्थान पर रहा। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्राफी के साथ आकर्षक उपहार भी दिए गए।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, घोसी विधायक सुधाकर सिंह व भाजपा नेता अशोक सिंह ने संबोधित किया।

कहा कि आज महाराणा प्रताप जी की जयंती है जिसे देश भर में धूमधाम से मनाई जा रही है। महाराणा प्रताप की वीर गाथा अमर है। इनकी वीर गाथा आज भी किस्से कहानियों में सुनाई जाती है। महाराणा प्रताप एक ऐसे योद्धा थे जिन्हें दुश्मन सलाम करते थे। उनकी वीरता से भारत भूमि गौरवान्वित हुई है। यहां आकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से अपनापन का एहसास होता है। साथ ही अपनी संस्कृति और सभ्यता को करीब से जानने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक महेंद्र सिंह गोलू, बृजेश सिंह टेलू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक घोसी विजय राजभर, ब्लाक प्रमुख कोपागंज जयप्रकाश शाहनी, समाजसेवी अजय जायसवाल, सुभासपा नेता फागू सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सर्वेश राय, भौरव सिंह, सूरज राय, अरविंद सिंह, रामप्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, गोपाल सिंह, प्रदीप गुप्ता, संगम सिंह, चंदन वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गुड्डू शर्मा व अध्यक्षता महेंद्र सिंह गोलू ने किया।

आवश्यकता

मदरसा तालीमुद्दीन मऊ में (1) सहायक अध्यापक आलिया (वैकल्पिक विषय अध्यापक) पद 2 हेतु शैक्षिक योग्यता संबन्धित विषय में फाजिल अथवा स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित अथवा प्रशिक्षित कामिल/प्रशिक्षित स्नातक इसके साथ आलिम अथवा उर्दू से इण्टर का प्रमाण-पत्र भी आवश्यक है। आयु 21 वर्ष से कम न हो। वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे-4600, लेवेल-7 राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य ही देय है।

(2) सहायक अध्यापक फौकानिया (वैकल्पिक विषय अध्यापक) पद एक हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित संबन्धित विषय में कामिल अथवा स्नातक तथा उर्दू/अरबी/फारसी से मुंशी/ मौलवी से अनिम्न स्तर का प्रमाण पत्र, अथवा मान्यता प्राप्त मदरसे का कारी एवं उर्दू/ अरबी/फारसी सहित आलिम से अनिम्न स्तर का प्रमाण पत्र। आयु 20 वर्ष से कम न हो। वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे- 4600, लेवेल-7 राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य ही देय है।

(3) सहायक अध्यापक तहतानिया पद 2 हेतु शैक्षिक योग्यता आलिम अथवा उर्दू से इण्टर अथवा हाफिज। आयु 18 वर्ष से कम न हो। वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे- 4200, लेवेल-6 राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य ही देय है।

आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 02.06.2025 है। आवेदन पत्र भेजने का पता प्रबन्धक मदरसा तालीमुद्दीन, खीरीबाग मऊनाथ भंजन, जनपद मऊ।

अनवारुल हक नेशनल
प्रबन्धक
मदरसा तालीमुद्दीन, खीरीबाग
मऊनाथ भंजन, जनपद मऊ।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

शुभ लग्न ऑफर

शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

फाइलेरिया नियंत्रण के तहत 130 बच्चों की की गई जांच

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर (बलिया)। फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों की जांच की गयी। शिक्षा क्षेत्र नवानगर अन्तर्गत सिकन्दरपुर नगर के चाइल्ड एजुकेशन सेंटर में कक्षा एक व दो के 130 बच्चों की जांच हुई।

फाइलेरिया नियंत्रण अभियान प्रोजेक्ट नाम टास के तहत टीम की तरफ से बच्चों की जांच की गई। जांच में क्यूएफएटी किट का इस्तेमाल किया गया। जांच कर बच्चों में फाइलेरिया के परजीवी का पता लगाया गया। इस दौरान फाइलेरिया नियंत्रण जांच टीम में अरविंद कुमार सिंह, देवेंद्र प्रसाद, विवेक पाडेय, जगतसेन रोसन ने बच्चों की जांच की।

पिकअप और बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर

तरुणमित्र न्यूज़

सहतवार (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बिषौली सुवंरहा मार्ग पर पालिटेक्निक हुसेनाबाद के पास शुक्रवार की देर सायं तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 23 वर्षीय बाइक सवार दूध विक्रेता युवक की मौत हो गयी। हादसे में पीछे बैठा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हसनपुरा गांव निवासी राम गोविंद यादव अपने भाई 22 वर्षीय नीलेश यादव के साथ सुअरहां डेयरी पर में दूध देकर घर वापस लौट रहे थे। पालिटेक्निक के पास सहतवार की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दिया। दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पंहुची पुलिस दोनों घायल युवकों को सहतवार पीएचसी ले गयी जहां डाक्टरों ने राम गोविंद यादव को मृत घोषित कर दिया। गंभीर अवस्था में नीलेश यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पिकअप गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस ने राम गोविन्द के पिता महंथ यादव की तहरीर पर देर रात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राम गोविंद का 17 मई को तिलक होना था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी मूलचंद चौरसिया ने बताया पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

नि:शुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

तरुणमित्र न्यूज़

टेंगरहीं (बलिया)। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा माननीय निदेशक श्री विनय श्रीवास्तव एवं जितेन्द्र कुमार (आई.ए.एस) अपर मुख्य सचिव भाषा विभाग के कुशल नेतृत्व में 10 मई दिन शनिवार को स्थानीय ग्राम पंचायत के निकट स्थित योग प्रशिक्षण केंद्र द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया में केंद्राध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय की उपस्थिति में योग प्रशिक्षक मुकेश कुमार सिंह द्वारा नि:शुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।

संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव, महेंद्र पाठक, समन्वयक दिव्यरंजन जी एवं शिवम गुप्ता को केन्द्राध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय द्वारा धन्यवाद व्यक्त किया गया। समापन समारोह में प्रवक्ता चंदन कुमार राय, शिवेश पाण्डेय, मनीष कुमार, रूपा केशरी, आशुतोष कुमार राय, प्रभारी प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश पाण्डेय, डॉ. विद्यानाथ सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमित सिंह, सच्चिदानंद वर्मा, भगवान यादव व अजय सिंह सहित केंद्राध्यक्ष, संचालक, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षाणार्थी उपस्थित रहे। संचालन मृत्युंजय कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया।

लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। आजमगढ़ पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है।

फूलपुर थाना पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 15 अप्रैल 2025 को खानजहांपुर में हुई लूट की घटना का खुलासा किया। इस कार्रवाई में अंतरजनपदीय लुटेरे सत्यम राजभर (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी दिपांकल तिवारी मौके से फरार हो गया। 15 अप्रैल 2025 को धर्मेंद्र कुमार आर्य अपनी पत्नी के साथ पलिया बाजार से बैंक ऑफ बड़ौदा यूपी ग्रामीण शाखा से एक लाख रुपये निकालकर स्कूटी से घर जा रहे थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत दाउदपुर विकास खण्ड अजमतगढ़, आजमगढ़

पत्रांक: मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक- 10.05.2025

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/SLWM योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि स्थल, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, डिजिटल लाइब्रेरी, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक/व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, लीच पिट, प्लास्टिक बैंक, कचरा पात्र, भष्मक, यू टाइप नाली, भूमिगत नाली, कूड़ा वाहन, ई-रिक्शा एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु उपर्युक्त सामग्री यथा इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप (विभिन्न मापों में), एच.डी.पी.ई. पाइप (विभिन्न मापों में), टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **11.05.25** से दिनांक **16.05.25** को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक **17.05.25** को दोपहर 12.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोली जायेगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट /सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम से संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	अन्य सामग्री आवश्यकतानुसार		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. निविदादाता 100 रुपये का शुल्क जमा करके निविदा फार्म प्राप्त कर सकता है।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 2% GST TDS एवं 1% TDS में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
13. सप्लाई की गयी फर्म की पूर्ति सामग्री लोक निर्माण विभाग आजमगढ़ के द्वारा परीक्षण प्रमाणित होना चाहिए।
14. सप्लाईकर्ता फर्म के पास आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का भण्डारण अवश्य होना चाहिए।

अजित कुमार शाह
ग्राम वि.अ. / ग्र.पं.अ. / सचिव
ग्राम पंचायत दाउदपुर
वि0 ख0 अजमतगढ़, आजमगढ़

अंकुर शर्मा
अध्यक्ष- त्रियस्तरीय समिति
ग्राम पंचायत दाउदपुर
वि0 ख0 अजमतगढ़, आजमगढ़

संक्षिप्त समाचार

मैजिक वैन में रखे कतरन के गट्ठर में लगी आग

तरूणमित्र न्यूज

***आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली के भुवना बुजुर्ग गांव में शुक्रवार को कपड़े की कतरन का गट्ठर लेकर जा रही मैजिक वैन में एकाएक आग लग गई। चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। आसपास के राहगीरों ने काफी मेहनत के बाद आग बुझाया। जिससे बड़ा हादसा होते होते टल गया। शुक्रवार को मैजिक वैन जीयनपुर कस्बे से कपड़ों के कतरन का गट्ठर लादकर मऊ जा रहा था। वैन में भुवना बुजुर्ग गांव के पास दिन में लगभग दो बजे अचानक आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग तेज हो गई लेकिन चालक को पता नहीं चल पाया। उसी रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो शोर मचाया। मैजिक में आग जलते देख चालक घबरा गया और कूद कर अपनी जान बचाई। वैन रुकते ही आसपास के ग्रामीणों ने गट्ठर को वैन से नीचे उतारा। काफी देर के बाद आग बुझी। लेकिन कई बोरी कतरन जल कर राख हो गया। ग्रामीण श्याम बिहारी ने बताया कि किसी ने अमुवारी के पास सड़क के किनारे उगे सरपत में आग लगा दिया था। जिसकी लपटे दूर-दूर तक फैल रही थी। मैजिक वैन में इन्हीं लपटो से आग लग गई थी।*

आजमगढ़ में तेज रफ्तार बस ने मचाया कोहराम, एक महिला की मौत, आठ घायल

तरूणमित्र न्यूज

***आजमगढ़।** शहर कोतवाली क्षेत्र के हाफिजपुर के निकट शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में 49 वर्षीय शशिकला, पत्नी महेंद्र चौहान, निवासी हाफिजपुर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बस चालक सहित आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, दोहरीघाट से आजमगढ़ की ओर आ रही एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर बेकाबू हो गई। बस ने सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को टक्कर मारते हुए एक दुकान में जा घुसी। इस हादसे में शशिकला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार और सड़क पर मौजूद सात अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि बेकाबू बस ने राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।*

पति से विवाद के बाद पत्नी ने जहर खाकर जान दी

तरूणमित्र न्यूज

***आजमगढ़।** मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के पियरी गांव में बुधवार को दंपति में विवाद हो गया। पति ने पत्नी को पीट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान बुधवार की रात में ही पत्नी की मौत हो गई। मेहनाजपुर के खुमनामपुर गांव निवासी वीरेंद्र राम की बेटी 25 वर्षीया शीलत की शादी दो वर्ष पूर्व मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के पियरी गांव निवासी गुड्डू के साथ हुई थी। परिजनों ने बताया कि गुड्डू शराब पीने का आदती था।*

अक्सर उसका पत्नी से विवाद होता था। दोनों में विवाद हो गया। पति ने पत्नी की पिटाई कर दी, गांव के लोगों ने बीच बचाव कर विवाद को शांत कराया। इसके बाद शाम को पत्नी ने क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन शीतल को लेकर मेहनाजपुर सीएचसी पर पहुंचे। डॉक्टर ने हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर में उसे भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान महिला की रात में मौत हो गई। मृत शीतल का एक बेटा है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

करेंट के चपेट में आने से गृहस्वामी की मौत

तरूणमित्र न्यूज

***आजमगढ़।** मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के जमुखा गांव में जानवरों से फसल को बचाने के लिए खेत के किनारे पर लगाए तार जिसमें विद्युत करेंट प्रवाहित हो रहा था उस करेंट की चपेट में आने से खेत के स्वामी की मौत हो गई।*

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के जमुखा ग्राम में संतोष शर्मा पुत्र रमेश शर्मा 45 वर्ष खुद के खेत मे दौड़ाए गए बिजली तार में फंसकर मौत हो गई, तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर संतोष शर्मा एक निजी कम्पनी में काम करता था, घर पर बड़ा भाई कैलाश पुत्र रमेश शर्मा रहता है छोटा भाई मुंबई रहता है, मृतक संतोष अपनी पत्नी रेखा और तीन पुत्रियों स्वेता सानिया और अनन्या के साथ वाराणसी रहता था, वह प्राय: घर आया करता था। बताया गया है कि गुरुवार को संतोष घर आया था बगल के गांव एक निमंत्रण से भोजन कर के घर आया।

संतोष का घर खेत के एक हिस्से मे ही बना है, रात में शौच के लिए वह खेत गया था जहाँ तार में फंसकर मौत हो गई, बाहर सोए बड़ा भाई को कुछ शोर सुनाई दिया तो वह उठकर आस पास के लोंगो को बुलाकर भाई को उठाकर घर लाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

खरीद गांव के बागीचे में पालीथिन में मिला मानव का दो हाथ व दो पैर, सनसनी

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर, (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खरीद गांव के पास स्थित त्रिलोकी यादव के बागीचे में पॉलिथीन में दो हाथ व दो पैर मिलने के बाद सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम की जांच में जुट गई है। अंग को पोस्टमार्टम एवं डीएनए की जांच के लिए भेजा जा रहा है कि यह अंग पुरुष का है या महिला का। वैसे अनुमान लोग पुरुष का ही लगा रहे है। खैर अंग किसी का भी हो जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मिली जानकारी के अनुसार खरीद गांव के घाघरा घाट के किनारे स्थित त्रिलोकी यादव के बागीचे में एक पालीथिन में मानव के दो हाथ व दो पैर कटे मिले। सबसे बड़ी बात यह है कि जो अंग पुलिस को मिले है उसमें कही भी खून नहीं लगा हुआ है। इसके अलावा पालीथिन में भी खून नहीं लगा हुआ है। यह अंग पालीथिन में रखकर पत्तो से ढक दिया गया था।

इसकी सूचना किसी ने मुकामी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिकंदरपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और अंग को पोस्टमार्टम व डीएनए टेस्ट की जांच के लिए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि दो-चार दिन पहले कही हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए दो हाथ व दो पैर कप पालीथिन में पैक कर यहां बागीचे में लाकर फेका गया है। खैर मामला जो भी पुलिस छानबीन में जुट गई है। इस बाबत सिकंदरपुर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि खरीद गांव के त्रिलोकी यादव के बागीचे में पॉलिथीन में दो हाथ व दो पैर पत्ते से ढके हुए मिले। अंग एवं पॉलीथिन में कहीं भी ब्लड नहीं लगा हुआ है। बताया कि अंग को पोस्टमार्टम और डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है। इसके बाद ही कुछ पता चल सकेगा कि यह अंग पुरुष का है या महिला का। वैसे अनुमानतः पुरुष का ही लग रहा है।

विद्युत विभाग की लापरवाही ने ली युवक की जान

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर (बलिया)। स्थानीय थानान्तर्गत जमुई गांव में करंट की चपेट में आ कर 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दिया है। उधर राहुल की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार जमुई निवासी राहुल राजभर पुत्र शिवबचन राजभर शुक्रवार की शाम को करीब 7 बजे शौच हेतु गांव के सरेह में जा रहा था। उसी दौरान एक खेत में ट्रांसफार्मर से टूट कर गिरे विद्युत प्रवाहित एचटीतार की चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गया। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे गांव के कुछ लोगों ने खेत में गिरे राहुल को देखकर परिवार वालों को खबर किया। खबर पाते ही परिवार वाले आनन फानन में मौके पर पहुंचे और खेत में पड़े राहुल को इलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाये, जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राहुल के मौत से परिवार वाले दहाड़ें मार कर रोने लगे। ग्रामीणों की मानें तो उक्त तार पिछले कई दिनों से वैसे ही गिरा हुआ था तथा विद्युत प्रवाहित हो रही थी, जिसकी सूचना जेई को बार-बार दी जा रही थी। उसके बावजूद भी उसके विद्युत को काटा नहीं जा रहा था जिसके चलते यह घटना घटित हुई।

होटल के बेसमेंट में आग लगी

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। सिधारी ओवर ब्रिज के पास शुक्रवार की सुबह श्रीमंगलम होटल मैरिज लान के बेसमेंट में रखे सामानो में अज्ञात करणों से आग लग गई। होटल से धुंआ निकलते देख लोगों को जानकारी हुई। फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। होटल के बेसमेंट में गद्दा और कंबल रखे हुए थे। सुबह करीब छह बजे बेसमेंट में आग लगी।

तेज धूंआ निकलने पर आस-पास के लोगों को जानकारी हुई। मौके पर आस-पास के लोग आ गए। होटल मालिक सिद्धार्थ सिंह ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। एफएसओ आनंद प्रताप सिंह फायर कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। धुंआ से पूरा बेसमेंट भरा हुआ था। फायर कर्मियों ने स्मोक एग्जास्ट से धुआं को बाहर निकाल कर हाई प्रेशर पंप और फायर टेंडर से पंपिंग कर के आग पर काबू पाया। कुछ ही देर में फायर कर्मियों ने आग काबू पा लिया। होटल के बेसमेंट में रखा कंबल, गद्दा सहित अन्य सामान जल गया है।

थाना समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी समस्याएं

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। थाना मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम डा0 हर्षिता तिवारी व सीओ चोब सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण कराया। कार्यक्रम में उनके समक्ष भूमि विवाद से जुड़े कुल चार शिकायती प्रार्थना पत्र आए। मौके पर दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। शेष प्रार्थना पत्र को टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण कराएं।

इसमें कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर सीओ ने निर्देशित किया कि छोटे बिबादों को गंम्भीरता से निस्तारण किया जाए। जिससे बड़ी घटनाओं को रोका जा सके।पुलिस एवं पब्लिक के बीच बेहतर सम्बन्ध बनाया जाए। पुलिस गांव में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर शांतिभंग में पाबंद करने की कार्रवाई शुरू कर दे। इस मौके पर नायब तहसीलदार श्री भगवान पांडेय थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय के अलावा सभी एस आई तथा राजस्व निरीक्षक कंगल राम, मंगला प्रसाद, राहुल, गौरव राय, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी फरियादियों की शिकायत

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। थाना परिसर में दरोगा उमेश यादव दरोगा सुरेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जनता ने अपनी समस्याओं को लेकर थाना परिसर में अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराया जिसमें पुलिस के पांच मामले राजस्व विभाग के 22 मामले सामने आए जिसमें से दो पुलिस एक राजस्व का निस्तारण हुआ बाकी 24 मामले को विभागीय कर्मचारी को सौंप दिया गया उन्हें कहा गया कि इसका जल्द से जल्द निस्तारण करवाए राजस्व विभाग के कानूनगो सत्येंद्र सिंह, सतीराम राजभर, जुल्फिकार अहमद, लेखपाल ममता रानी, सुनील आनंद सिंह, चंदन सिंह, अंजनी तिवारी, कु ष्पेंद्र सिंह, रोहित यादव। बद्रीनारायण सिंह, सुभाष श्रीवास्तव, सबेंद्र सिंह, सुधीर गुप्ता, अशोक यादव, पुलिस विभाग के दरोगा अंबुज कु मार राही। कांस्टेबल आशुतोष वर्मा, मुंशी विनोद, राजेंद्र कु शवाहा, संदीप कु मार यादव, भाजपा नेता हेमंत तिवारी, फरियादी गण मौजूद रहे।

दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। मेहनाजपुर आवेदिका इन्दु देवी पत्नी विरेन्द्र ग्राम खुशनामपुर थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ ने तहरीर दिया कि प्रार्थिनी की पुत्री शीतल देवी व गूड्डु पुत्र नन्दू ग्राम- पिअरी थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ विगत एक वर्ष पूर्व कोर्ट मैरेज द्वारा शादी की गयी थी शादी के उपरान्त प्रार्थिनी की पुत्री शीतल अपने पति गूड्डु के साथ ग्राम पिअरी में रह रही थी लेकिन शादी के बाद से ही गूड्डु व इनके पिता नन्दू पुत्र दशवत दहेज के लिये प्रताडित करते रहते थे कि दहेज के लिये ही गूड्डु पुत्र नन्दू व नन्दू पुत्र दशवत निवासी गण ग्राम- पिअरी थाना मेंहनाजपुर आजमगढ़ दिनांक 07.05-2025 को समय करीब 05.00 बजे सायं को शाजिश से जहर दे दिया जिस कारण प्रार्थिनी की पुत्री शीतल की मृत्यु हो गयी जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 49/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट वादिनी मुकदमा इन्दु देवी पत्नी विरेन्द्र ग्राम खुशनामपुर थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ बनाम 1. गूड्डु पुत्र नन्दू 2. नन्दू पुत्र दशवत निवासीगण पियरी कोसडा थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ पंजीकृत किया गया है।

अखिलेश यादव ने ठाकुरों और दलितों को लड़ाने का प्रयास किया

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिले में महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन नेहरू हॉल सभागार में किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार रघुवंशी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन सिंह ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर आजमगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह मौजूद रहे।

राकेश कुमार रघुवंशी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित वोट बैंक के लिए ठाकुरों और दलितों को लड़ाने का प्रयास किया। जिस तरीके से अपने दलित सांसद से महाराणा प्रताप के दादा राणा सांगा के खिलाफ अपशब्द बुलवाए गए वह साजिश का हिस्सा थी। लेकिन क्षत्रिय और दलित समाज में समन्वय स्थापित है। कहीं भी दलितों पर कोई अटैक नहीं हुआ है। जबरदस्ती अखिलेश यादव इसको अलग कोण देने के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रीय नायकों के खिलाफ जो भी अपशब्द बोलेगा उसके खिलाफ आक्रोश तो होगा ही चाहे वह महाराणा प्रताप पर हो या राणा सांगा हों, डॉ बी आर अंबेडकर हों, अबुल कलाम आजाद हों या अन्य कोई भी हो। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप और राणा सांगा केवल क्षत्रिय समाज के ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के नायक हैं और इन नायकों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

अब मीडिया चैनल्स पर नहीं सुनाई देगी सायरन की आवाज, सरकार ने दिए बड़े निर्देश

नई दिल्ली, 10 मई। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बढ़े तनाव के बीच सरकार ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों को सलाह दी है कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अन्य कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज का इस्तेमाल करने न करें।

सरकार ने क्या निर्देश दिए ?: अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय ने एक परामर्श में कहा कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सभी मीडिया चैनलों से अनुरोध किया जाता है कि वे लोगों को जागरूक करने के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमलों के सायरन की आवाज का उपयोग करने से बचें। इसमें कहा गया है कि सायरन के नियमित उपयोग से हवाई हमलों के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक इसे मीडिया चैनलों द्वारा वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली नियमित बात समझ सकते हैं।

पाकिस्तान के ढीले पड़े तेवर!

विदेश मंत्री इशाक डार बोले- ‘हम पीछे हटने को तैयार’

नई दिल्ली, 10 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच एक शांति वाली खबर सामने आई है। शनिवार को पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत के रुख कम करने पर पाकिस्तान के भी नरमी बरतने की बात कही है। इसके साथ ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने परमाणु कमांड की बैठक स्थगित हो जाने की जानकारी दी है। पाकिस्तान की ओर से यह सारे पहल ऐसे समय में हुए हैं, जब अमेरिका और चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। इशाक डार ने जियो न्यूज से बात करते हुए कहा, ‘भारत को अब आक्रमकता से रुक जाना चाहिए। अगर भारत रुकता है तो हम भी रुक जाएंगे। हम युद्ध के पक्षधार नहीं है। हम बेवजह विनाश और धन की बर्बादी नहीं चाहते हैं।’ पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने शनिवार को कहा कि अगर भारत आगे के हमले बंद कर दे तो उनका देश तनाव कम करने पर विचार करेगा। हालांकि, इशाक डार ने चेतावनी दी कि अगर भारत ने कोई हमला किया तो ‘हम भी जवाब देंगे।’ डार ने पाकिस्तान के जियो न्यूज को बताया कि उन्होंने यह संदेश अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भी दिया था, जब उन्होंने दो घंटे पहले नई दिल्ली से बात करने के बाद उनसे संपर्क किया था। डार ने कहा, ‘हमने जवाब दिया क्योंकि हमारा धैर्य अपनी सीमा तक पहुंच गया था। अगर वे यहीं रुक गए तो हम भी रुकने पर विचार करेंगे।’

आईपीएल स्थगित होने से बीसीसीआई को तगड़ा झटका, प्रति मैच 100 से 125 करोड़ रुपए का लग रहा फटका

नई दिल्ली, 10 मई। भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच आईपीएल हफ्ते भर के लिए स्थगित हो चुका है। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब देश युद्ध में हो तो क्रिकेट अच्छा नहीं लगता। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि आईपीएल के स्थगित होने से बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा है। यह झटका सिर्फ बीसीसीआई या आईपीएल ही नहीं, बल्कि इससे जुड़े तमाम लोगों को नुकसान हुआ है। इसमें तमाम वेंडर्स, आईपीएल मैच वाले शहरों और अन्य कई छोटे-बड़े व्यापारी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि अभी आईपीएल के 16 मैच बाकी हैं, जिनमें चार प्लेऑफ के मैच भी शामिल हैं। हालांकि देश जिन हालात से गुजर रहा है, उसके सामने किसी भी नुकसान की कोई वैल्यू नहीं है। इसके बावजूद अनुमान के मुताबिक आईपीएल के इस तरह से स्थगित होने से बीसीसीआई को प्रति मैच तकरीबन 100 से 125 करोड़ रुपए का फटका लग सकता है।

विदेशी खिलाड़ियों/स्टाफ की चिंता: वैसे तो आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरी कोशिश में है आईपीएल को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। हालांकि फिर से शुरू होने के बाद आईपीएल किस तरह से आगे बढ़ेगा यह देखने वाली बात होगी। इसकी वजह यह है कि सभी फ्रेंचाइजियों में विदेशी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ की संख्या काफी ज्यादा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद से ही सभी विदेशी खिलाड़ी और स्टाफ अपने देश लौटने लगे हैं। हालांकि इनमें से तमाम खिलाड़ी और अन्य स्टाफ को भारतीय क्रिकेट बोर्ड पर काफी ज्यादा भरोसा है। ऐसे में अगर उनकी नेशनल ड्यूटी आड़े नहीं आती है तो वह आईपीएल के बचे हुए मैचों के लिए भारत जरूर लौटना चाहेंगे। गौरतलब है कि बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता मई में ही आईपीएल को पूरा कराने पर है। अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर भारत के पास अगस्त और सितंबर की विंडो है। हालांकि इसके लिए भारत के बांग्लादेश टूर और टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है।

किश्तवाड़ में महसूस किए गए भूकंप के झटके

किश्तवाड़, 10 मई। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजकर 14 मिनट पर किश्तवाड़ की धरती हिलती नजर आई। जिससे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, शनिवार को जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में तीन बजकर 14 मिनट पर 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भूकंप की तीव्रता 2.7 थी। वहीं भूकंप का केंद्र किश्तवाड़ में 5 किलोमीटर अंदर था।

कम रही भूकंप की तीव्रता: गौरतलब है कि उथले भूकंप गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं, क्योंकि वे पृथ्वी की सतह के करीब अधिक ऊर्जा छोड़ते हैं, जिससे जमीन का कंपन अधिक होता है और संरचनाओं को अधिक नुकसान होता है तथा हताहतों की संख्या अधिक होती है, जबकि गहरे भूकंप सतह पर आने पर ऊर्जा खो देते हैं।